श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 204, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 21 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पहाड़ी राज्यों में जनजीवन अस्त-व्यस्त

## अब तक 22 की मौत, उत्तराखंड में चार लोगों ने गंवाई जान, कई लोग लापता, दोनों राज्यों के कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। हर तरफ तबाही का मंजर दिखाई दे रहा





**देहरादून/चंबा:** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है। अब तक हिमाचल में तीन बच्चों सहित 18 की मौत हो चुकी है। उत्तराखंड में चार लोगों ने जान गंवाई है। दोनों राज्यों के कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। हर तरफ तबाही का मंजर दिखाई दे रहा है। उत्तराखंड में देहरादून के पास मालदेवता सरखेत, टिहरी और यमकेश्वर इलाके में बादल फटने से भारी तबाही मची है। हिमाचल प्रदेश में भी मंडी और चंबा जिले में बादल फटा है। बादल फटने से कई लोग दब गए हैं। एक बच्ची का शव मिला है जबकि 15 से 20 लोग बह गए हैं। कई गाड़ियां बह गई हैं। चंबा में भूस्खलन से मां बेटे सहित तीन से चार लोग मलबे के नीचे दब गए। जिससे तीन की मौत हो गई। कांगड़ा जिले में भारी बरसात होने के कारण रेलवे चक्की पुल रात को बह गया। वहीं, भारी बारिश को देखते हुए चंबा, मंडी के बाद कांगड़ा और कुल्लू जिले में भी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने दो दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यूपी में भी गंगा और यमुना नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है। यूपी के कई शहरों बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं।



**मंडी जिला के बागी में बादल फटा, बच्ची का शव मिला:** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाई है। जिला के मंडी-कटौला-पराशर मार्ग पर बागी नाला में बादल फटने से आई बाढ़ ने भारी कहर बरपाया है। यहां बाढ़ की चपेट में आने से एक पूरा परिवार लापता हो गया है। राहत और बचाव कार्य में लगे लोगों को एक बच्ची का शव मिला है, जबकि अन्य 5 लोग लापता हैं। बादल फटने के बाद रात बागी से पुराने कटौला तक दर्जनों परिवारों ने अपने घर छोड़ कर सुरक्षित जगहों पर रात बिताई है। बागी नाले पर बनाया पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृह कस्बे थुनाग बाजार में भी नाले की बाढ़ ने दर्जनों दुकानों और वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। थुनाग बाजार में भी भारी तबाही हुई है।

**मंडी के गोहर में हादसा, पंचायत प्रधान समेत परिवार के आठ लोग दबे:** मंडी जिला के गोहर विकास खंड के अंतर्गत काशण में भयंकर भूस्खलन से पंचायत प्रधान खेम सिंह का घर जमींदोज हो गया है। बताया जाता है कि मकान के अंदर खेम सिंह सहित परिवार के आठ लोग दबे हैं। इस समय स्थानीय लोग स्वयं जमींदोज हुए मकान के लिंटर को तोड़कर अंदर फंसे लोगों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भयंकर मलबे के आगे उनकी एक नहीं चल रही। हालांकि प्रशासन की ओर से तहसीलदार दल-बल सहित घटनास्थल की ओर रवाना हो चुके हैं, लेकिन सड़क अवरुद्ध होने से चलते वह मौका पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। स्थानीय पंचायत के उपप्रधान ने बताया कि वह ग्रामीणों के सहयोग से लिंटर तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मकान के पहली मंजिल में लिंटर और दूसरी मंजिल में चादरें डाली गई थी।

**शिमला में आरटीओ ऑफिस के पास भूस्खलन**

राजधानी शिमला में आरटीओ ऑफिस के पास भू स्खलन होने से सड़क का अधिकतर हिस्सा धंस गया है। जिससे यातायात व्यवस्था काफी प्रभावित हो रही है। यातायात एक तरफा चलाया हुआ है। यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिए शिमला यातायात पुलिस ने सहयोग की अपील की है। शिमला यातायात पुलिस आप सभी से अपील भी करती है की आप उपरोक्त स्थान से गुजरते हुए बिलकुल सावधानी पूर्वक ही इस स्थान को पार करें। वहीं, ठियोग में पेट्रोल पंप पर चट्टान गिर गई है। फागू सड़क पर वाहन पर चट्टान गिरी है।

### भूस्खलन से एक ही परिवार के सात लोग दबे, दो शव मिले

**नई टिहरी:** भारी बारिश और भूस्खलन ने उत्तराखंड में कहर बरपाया है। प्रदेश में अभी तक चार मौत हो चुकी हैं। 13 लापता और 12 घायल है। टिहरी जिले के धनौल्टी क्षेत्र में पलक झपकते ही एक घर मलबे में तब्दील हो गया। इस हादसे में एक ही परिवार के सात लोग दबे। जबिक दो शव निकाल लिए गए हैं।

धनोल्टी एसडीएम लक्ष्मी राज चौहान ने बताया कि मामले में पूरी नजर बनाई हुई है। वहीं राज्य में जगह-जगह से सामने आ रही आपदा की तस्वीरों के बाद सेनानायक एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला है। उत्तराखण्ड राज्य में कल से हो रही मूसलाधार बारिश के बाद राज्य के विभिन्न जिलों में तबाही का मंजर है। कहीं मलबा आने से मकान क्षतिग्रस्त हो गए है तो कहीं उफनती नदी नालों में लोग फंस गए है। रातभर से एसडीआरएफ टीम यद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य में पूर्ण तत्परता से कार्य कर रही है। सेनानायक एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा ने आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र में मालदेवता में रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाले हुए है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने वाहिनी मुख्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारियों व एसडीआएफ कंट्रोल रूम को भी हाई अलर्ट पर रखा है और राज्य भर में गतिमान सभी रेस्क्यू ऑपरेशन की पल-पल की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे है।

गिरी और गुम्मा से शहर के लिए पानी की सप्लाई ठप हो गई है।

### मंडी-पठानकोट हाईवे भूस्खलन की वजह से बंद

**मंडी**-पठानकोट नेशनल हाईवे जगह-जगह पर भूस्खलन से बंद हो गया है। सैकड़ों यात्री भूखे प्यासे जाम में फंसे हैं। कोटरोपी के पास पहाड़ी दरकने से एनएच की सड़क का नामोनिशां मिट गया है। कोटरोपी में इस बार जोगेंद्रनगर की तरफ को नाले के ऊपर की पहाड़ी ने कहर मचाया है। यहां स्थानीय ग्रामीणों की उपजाऊ जमीन और दर्जनों पेड़ मलबे में समा गए हैं। जानमाल का कोई नुकसान नही है। पहाड़ी का सारा मलबा नीचे आने से सास्ती गांव में अफरातफरी मच गई है। उपमंडल के सभी राजमार्ग बंद हैं।

चंबा में मलबा में दबने से दंपती और बेटे की मौत

वहीं, चंबा जिले में भारी बारिश से दीवार तोड़ मकान में टनों मलबा घुस गया। जिससे तीन लोग लापता हो गए। ग्रामीण और प्रशासनिक टीमें लापता पति, पत्नी और बेटे के शव बरामद कर लिए हैं। भटियात क्षेत्र की बनेट पंचायत के जुलाडा वार्ड नंबर एक में बारिश ने तबाही मचाई है। देर रात दो बजे की घटना बताई जा रही है। मलबे में दबे पति-पत्नी और बेटे के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल चुवाड़ी भेज दिया गया है। डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

कांगड़ा में चक्की नदी पर बना रेलवे पुल बाढ़ में बहा

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में भारी बारिश से आई बाढ़ के चलते रेलवे का चक्की पुल शनिवार को बह गया है।

# धरना खत्म हुआ है आंदोलन नहीं: राकेश टिकैत

**लखीमपुर खीरी:** विभिन्न मांगो को लेकर चल रहा संयुक्त किसान मोर्चा का धरना शनिवार दोपहर तीन बजे किसान नेताओं द्वारा डीएम को ज्ञापन देने के बाद खत्म हो गया। इसके साथ ही किसानों की रवानगी शुरू हो गई। मंच से संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि धरना खत्म हुआ है, आंदोलन नहीं। जब तक मंत्री अजय मिश्र टेनी की बर्खास्तगी नहीं हो जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की अगली बैठक छह सितंबर को दिल्ली में होगी। टिकैत ने बताया की समझौता हुआ था कि मारे गए किसानों के परिजनों को सरकारी नौकरी के साथ ही मुआवजा व घायलों को भी मुआवजा की बात थी। इसके अलावा किसानों पर दर्ज मुकदमे की वापसी की बात कही गई थी, लेकिन 11 महीने बीतने के बाद कुछ नहीं हुआ। वार्ता के बाद टिकैत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रशासन ने सीएम से बात करवाने को लेकर असमर्थता जताई है। साथ ही यह भी कहा कि तिकुनिया हिंसा के बाद किसानों और सरकार के बीच जो समझौता हुआ था, उसकी पूर्ति करने में वह सक्षम नहीं हैं। अधिकारियों ने अपने ऊपर के अधिकारियों से इस मामले में बात कराने के लिए आश्वासन दिया है।



**भाकियू की प्रमुख मांगें:** लखीमपुर खीरी जिला के तिकुनियां में चार किसानों और एक पत्रकार की हत्या करने की साजश रचने के मामले में मंत्री अजय मिश्र टेनी को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए और गिरफ्तार करके जेल भेजा जाए।

लखीमपुर खीरी हत्याकांड में 'निर्दोष होते हुए भी' जेल में बंद किसानों को तुरंत रिहा किया जाए और उनके ऊपर लगे केस तुरंत वापस लिए जाएं। सभी फसलों के ऊपर स्वामीनाथन कमीशन के द्वारा सी-2 +50% के फामूर्ले से एमएसपी की गारंटी। एमएसपी पर गारंटी वाला कानून केंद्र सरकार द्वारा बनाया जाए।

# पार्टी दरी बिछाने का काम देगी तो भी मैं करूंगा: सीएम शिवराज

**भोपाल: बीजेपी** संसदीय बोर्ड से बाहर होने के बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने शनिवार को कहा, मुझे बिल्कुल भी अहम नहीं है कि मैं ही योग्य हूं। पार्टी मुझे दरी बिछाने का काम देगी तो राष्ट्र हित में यह करूंगा। सीएम चौहान ने कहा, पार्टी कहेगी कि जैत (मुख्यमंत्री का गृह गांव) में रहो तो वहां रहूंगा। पार्टी कहेगी कि भोपाल में रहो तो भोपाल में रहूंगा। राजनीति में व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं होना चाहिए।



बता दें कि शिवराज ने एक चैनल के कार्यक्रम में कहा, बीजेपी एक विशाल परिवार है। इसके प्रवाह में कोई आगे बढ़ता है तो कोई बाहर आता है। केंद्रीय स्तर पर एक टीम होती है, जो यह तय करती है कि किसे, क्या काम करना है। जैसे हम प्रदेश में तय करते हैं।

# मुंबई में 26/11 जैसे हमले की धमकी

**मुंबई:** मुंबई में 26/11 जैसा हमला करने की धमकी दी गई है। पुलिस को पाकिस्तान के एक नंबर से शुक्रवार रात वॉट्सऐप मैसेज मिला। इसमें कहा गया है कि अगर लोकेशन ट्रेस की गई तो वह भारत के बाहर की मिलेगी और धमाका मुंबई में होगा। धमकी में कहा गया है कि 6 लोग भारत में, जो इस काम को अंजाम देंगे। जिस नंबर से यह मैसेज किया गया है वह पाकिस्तान का है। मैसेज में उदयपुर कांड का भी जिक्र है। इस मामले में पुलिस ने वर्ली थाने में एफआईआर दर्ज की है। वहीं, एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया गया है।

**टेरर केस में एटीएस की मदद लेने की तैयारी:** इससे पहले मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फणसालकर ने कहा कि कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर पर टेरर मैसेज मिला है। इसमें मुंबई को उड़ाने की धमकी दी है। मैसेज में अजमल कसाब और अल जवाई का भी जिक्र है। उस व्यक्ति ने भारत में भी कुछ लोगों के होने की बात कही है। नंबर में जो कोड दिख रहा है, वो पाकिस्तान का लग रहा है। जांच में नाम, पता, नंबर सबकी जानकारी मिल जाएगी। कमिश्नर ने कहा कि मुंबई

# आबकारी नीति पर बीजेपी ने आप सरकार को घेरा

**नई दिल्ल:** सीबीआई की छापेमारी को लेकर शनिवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आप सरकार को घेरा। उन्होंने आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल को मुख्यसाजिशकर्ता कहा। वहीं सिसोदिया पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि मनीष की जगह अब उनका नाम मनी श होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ मनोज तिवारी और आदेश गुप्ता भी मौजूद थे। अनुराग ठाकुर ने शराब नीति को लेकर मीडिया के सामने सवाल उठाते हुए कहा कि ब्लैक लिस्टेड कंपनियों पर क्या कार्रवाई हुई। शराब नीति ठीक थी तो वापस क्यों हुई। उन्होंने कहा कि आज सिसोदिया के हाव भाव उड़े हुए थे। सिसोदिया सवालों के जवाब नहीं दे पा रहे थे।




**केजरीवाल सिसोदिया सवालों से भागते हैं: आदेश गुप्ता:** दिल्ली के बीजेपी अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सवालों से भागते हैं। सिसोदिया ने कई सवालों के जवाब नहीं दिए हैं, उन्हें जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शराब व्यापारियों के प्रति वे इतने नरम क्यों हैं। जनता का पैसा शराब माफिया को क्यों दिया।

**हम डरने वाले नहीं, 2024 का चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल ही होगा:** सीबीआई की छापेमारी को लेकर शनिवार दोपहर दिल्ली के उपमुख्मंत्री मनीष सिसोदिया ने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सीबीआई-ईडी का डर दिखाती है। ईडी-सीबीआई के दम पर उन्होंने कई सरकारें गिराई हैं।

# टीम इंडिया ने लगातार चौथी वनडे सीरीज जीती

**दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया, संजू सैमसन और शार्दूल रहे जीत के हीरो**

**हरारे: टीम इंडिया** ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में 5 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे को 38.1 ओवर में सिर्फ 161 रन के स्कोर पर ऑलआउट कर दिया था। शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए थे। इसके बाद संजू सैमसन के (43) रन के दम पर भारत को जीत मिली। वहीं, धवन और शुभमन गिल दोनों के बल्ले से 33-33 रन निकले। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट ल्यूक जॉन्गवे ने लिए।

**लगातार चौथी वनडे सीरीज की भारत ने अपने नाम**

भारतीय टीम ने वनडे में लगातार चौथी सीरीज जीती है। इससे पहले उन्होंने 2 बार वेस्टइंडीज और एक बार इंग्लैंड को इसी साल हराया है।

## चित्रकूट में हादसा: पेड़ गिरने से दबे आधा दर्जन बच्चे

# मौके पर पहुंचे आला अधिकारी, सीएम ने लिया संज्ञान

**चित्रकूट: चित्रकूट** जिले में विकास खंड रामनगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बांधी में बच्चों पर पेड़ की एक डाल टूटकर गिर गई। इसमें सात बच्चे घायल हो गए हैं। जानकारी होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी को मौके पर भेजा गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव ने बताया कि सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंचाया गया, जहां बच्चों को उपचार दिया गया। वहीं, प्रभारी चिकित्साधिकारी से बात करने पर बताया गया कि सभी को मामूली चोट है। कुछ समय पश्चात घर भेज दिया गया। वहीं, घटना का संज्ञान लेते हुए सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बच्चों के इलाज में कोताही न बरती जाए। साथ ही, घायल बच्चों के समुचित उपचार कराने और हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद बताया कि बारिश के कारण पेड़ टूटकर गिर गया था, जिसमें कई बच्चों को चोटें आई हैं। सभी का इलाज अस्पताल में कराया गया है।



वहीं, सूचना पर तुरंत एसडीएम नवदीप शुक्ला और बीएसए लव प्रकाश यादव को मौके पर भेजा गया है। इसमें कक्षा छह के कई छात्र घायल हो गए, जिनमें चाहत पुत्र सुशील कुमार, पूजा पुत्री शिवप्रताप, सुष्मिता, माया पुत्री राममिलन, शिवऔतार पुत्र शिवसागर, कीर्ति पुत्री लवलेश कुमार, अंतिमा पुत्री राम अवतार आदि शामिल हैं।

# दिल्ली में इंटरनेशनल फेक पासपोर्ट रैकेट का खुलासा

## मास्टरमाइंड सहित 5 लोग गिरफ्तार; 200 लोगों को भेज चुके हैं विदेश

**नई दिल्ली: दिल्ली** पुलिस की आईजीआई इकाई ने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय नकलीपासपोर्ट/वीजा रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इसमें ग्रुप के मास्टरमाइंड सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान जाकिर, रवि, जमील, संजय और इमतियाज के रूप में हुई है। पुलिस को इनके पास से फर्जी पासपोर्ट, फर्जी वीजा सहित अन्य संबंधित चीजें बरामद हुई हैं। फिलहाल, पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। आईजीआई एयरपोर्ट तनु शर्मा ने बताया कि यह सिंडिकेट लंबे समय से चल रहा था। जाकिर इसका मास्टरमाइंड है। वह कई फिल्मों का फाइनेंसर है। उसने अब तक 200 लोगों को विदेश भेजा है। गिरफ्तार हुए व्यक्तियों के पास नकली रबर स्टैंप, 325 फर्जी पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, 175 फर्जी वीजा, 12 प्रिंटर भी मिले हैं। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और चीन के वीजा भी शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### रंगरेलिया मनाते पकड़े गए प्रेमी युगल ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**घूरपुर।** शुक्रवार की आधी रात सूनसान कमरे में रंगरेलिया मनाते प्रेमी युगल को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। क्षेत्र के पालपुर हाइवे से सटे एक सूनसान कमरे में शुक्रवार की आधी रात को रंगरेलिया मनाते एक राहगीर ने पकड़ लिया तो बाहर से दरवाजे का कुंडी बंद कर आसपास के लोगों को बुला लिया। मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। दरवाजा खोला गया तो दोनों भागने का प्रयास करने लगे। लेकिन भीड़ ने प्रेमी युगल को दबोच लिया। और पूछतांछ करने लगे। पता चला कि दोनों आसपास के ही रहने वाले है । लोगों ने पुलिस को बुलाकर हवाले कर दिया। पुलिस दोनों प्रेमी युगल को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।


मृतका के घर के बाहर रोते बिलखते परिजन व ग्रामीण तथा इन्सेट में मृतका सब्बा बानो की (फाइल फोटो)


घटनास्थल पर आसपास के लोगों व ग्रामीणों की भीड़ व लिखापढ़ी करती पुलिस ।

# बड़ोखर : घर में भीतर सो रही महिला की धारदार हथियार से निर्मम हत्या, परिजनों में कोहराम

## घटनास्थल पर कई थानों की फोर्स तैनात, एसपी यमुनापार व सीओ मेजा के साथ पहुंची फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, दीपावली के दिन ही कुएं में मिली थी देवर की लाश,नही हुआ खुलासा

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में बीते शुक्रवार की देर रात घर के भीतर सो रही एक महिला की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। जैसे ही हत्या की खबर आम हुई क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र सिंह दलबल के साथ पहुंच गए और घटना की तफ्तीश करने लगे। थोड़ी ही देर में क्षेत्राधिकारी मेजा अमिता सिंह एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए जहां घटना से जुड़े साक्ष्य नमूने जुटाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सब्बा बानो (25) पत्नी मो नौशाद अली अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी जारा सिद्दीकी के साथ शुक्रवार की रात अपने घर में सोई थी। शब्बा के अलावा उसकी जेठानी भी घर के अंदर ही सो रही थी। रात्रि को कब और कौन घर में घुसा इस बात की किसी को कोई जानकारी नहीं है। सुबह घर के भीतर शब्बा का खून से लथपथ शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। खून की छीटें सब्बा की डेढ़ वर्षीय बेटी जारा सिद्दीकी पर भी पड़ी थी, जिसके निशान सुबह तक दिख रहे थे। जेठानी के मुताबिक जब बच्ची के रोने की आवाज आई जब तक लोगों ने देखा हत्यारे फरार हो गए थे। जेठानी के मुताबिक कोई परिचित ही रहा होगा जिससे रात में दरवाजा खोला गया घटना कब और कैसे हुई इसकी कोई जानकारी नहीं है। मृतका के पति मोहम्मद नौशाद अली ससुर रमजान अली मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। घर पर वृद्ध बाबा गुलाम साबिर रहते हैं। गुलाम साबिर ने बताया कि दीपावली के दिन मृतका के देवर सिरताज अली (25) का शव गांव के ही एक कुएं से बरामद हुआ था। जिसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया था। किंतु स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में न तो कोई मामला पंजीकृत किया गया और न ही कोई कार्रवाई की गई। यह प्रतीत होता है कि वही हत्यारे शब्बा की भी धारदार हथियार से हत्या कर दी। सिरताज का कुएं में मिले शव को पुलिस ने कुएं में गिरकर मौत हो जाने का मामला बताते हुए किसी भी प्रकार की कार्रवाई से पल्ला झाड़ लिया था।

### कोरांव में हर महीने हो रही 2 से 3 हत्याएं, खुलासा करने में पुलिस नाकाम!

कोरांव थाना क्षेत्र में पिछले 3 महीनों से अपराधों का ग्राफ बढ़ता दिख रहा है। हर महीने 2 से 3 हत्याएं हो रही हैं। बीते मई माह से लेकर अब तक क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक हत्याएं हो चुकी हैं। किसी भी हत्या के घटना का वास्तविक खुलासा नहीं किया जा सका है। जादीपुर में वृद्ध महिला गुलाब कली पत्नी स्वर्गीय मीरू की हत्या कर शव उसके ही घर में रखकर ताला बंद कर दिया गया था, इसी क्रम में द्वारिका प्रसाद उर्फ भीम पुत्र अभिनव विश्वकर्मा पुत्र अभिनव विश्वकर्मा निवासी ग्राम डड़ीया गजाधरपुर की जमीनी विवाद को लेकर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इसी प्रकार छापर हरदौन गांव के रहने वाले भागीरथी उर्फ मुखिया पुत्र फालगो पाल उम्र लगभग 70 वर्ष की निर्मम हत्या कर दी गई है। जिस घटना का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। इसी प्रकार कोरांव बाजार में सोनभद्र से आए व्यापारी राजेंद्र पुत्र जगनारायण निवासी ग्राम रजधन पोस्ट अदलगंज थाना चोपन की भी हत्या कर दी गई जिस मामले में भी इलाकाई पुलिस ने लीपापोती करते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इसी प्रकार मई माह में ही कोरांव बाजार के कपड़ा व्यवसाई कृष्ण कुमार कुशवाहा की हत्या हुई थी। 25 अप्रैल को श्यामकली पत्नी देवी प्रसाद निवासी उमरी भलुहा की भी हत्या कर दी गई थी। पिछले 3 महीने से कोरांव क्षेत्र में बलात्कार आत्महत्या के भी मामले बढ़े हैं। क्षेत्रीय लोगों में यह चर्चा का विषय है कि हर महीने 2 से 3 हत्याएं हो रही हैं। किसी भी घटना का शीघ्र खुलासा नहीं किया जा रहा है और न ही वास्तविक आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। जिससे हत्यारों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार नित नई घटनाओं को अंजाम देने पर तुले हुए हैं।

# यमुना तटबंधों के सैकड़ो पेड़ कटान की चपेट में

## तराई के गांवों में बाढ़ का खतरा, कटान की जद में आकर हर वर्ष भारी संख्या मे ढ़हते जा रहे तटबंधों के पेड़

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** नदियों के तटबंधों पर स्थित सैकड़ो पेड़ बारिश और बाढ़ से तटबंधो की कटान बचाते बचाते स्वयं कटान की चपेट में आ गई हैं। हर वर्ष सैकड़ो पुराने बड़े बड़े पेड़ कटान के चलते यमुना बाढ़ के दौरान ढह यमुना में समा जा रही है। तटबंधों पर पेड़ की आईं कमियों से जहां तटबंध खतरे में पड़ गया है। वहीं बाढ़ का तेज उफान भी यमुना से सटे गांवों को संकट में डाल सकता है। पेड़ नदियों के तटों की मिट्टी को बांध कर रखने के साथ हमें प्राकृतिक आपदा से बचाने और बाढ़ के तेज गति को नियंत्रित करने का काम करती रही है।

दो दशक पूर्व की बात की जाए तो इलाके के यमुना नदी किनारे चारों तरफ तटबंधों पर हजारों बड़े बड़े विशाल पेड़ दिखाई देते थे। ये पेड़ तटबंधों के कटान के साथ ही नदी के बाढ़ के दौरान तेज बहाव को भी नियंत्रित करने का काम करती थी। इन्हीं पेड़ों के चलते यमुना से सटे गांव बाढ़ से सुरक्षित थे। लेकिन नए पेड़ ना तैयार करने और पुराने पेड़ों को देखरेख ना करने की वजह से कटान की चपेट में आए सैकड़ो पेड़ों की जड़े बाहर निकल पेड़ जड़ सहित बाढ़ के दौरान गिर बह जाने से पेड़ों की कमी होती जा रही है। इसके फलस्वरूप परिणाम ये रहा कि अब पेड़ों की कमियों से तटबंध असुरक्षित हो गए है। बारिश और बाढ़ के दौरान तटबंध भरभरा कर ढ़ह रहे है। जिससे अब मामूली बाढ़ पर भी यमुना से सटे गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश करने लगते है। अभी चार दिन पूर्व से यमुना का जलस्तर बढ़ने लगा है। और अभी से ही कई गांवो के करीब बाढ़ का पानी प्रवेश करने को बेताब दिख रहा है। जिसे देख ग्रामीणों में हड़कंप है। पुरनिए 97 वर्षीय राम सिंह,85 वर्षीय छोटे लाल यादव,80 वर्षीय बाके बिहारी त्रिपाठी बताते हैं कि पहले लोग तटबंधों की कटान बचाने के लिए पेड़ तैयार करते थे और जंगली पेड़ बड़े संख्या में प्राकृतिक होते थे। लेकिन कुछ दशक पूर्व से नए पेड़ लगाने बंद हो गए और पुराने पेड़ों को बगर देखरेख के चलते कटान की जद में आ हर वर्ष बाढ़ के दौरान ढ़ह जा रहे हैं। जिससे यमुना से सटे गांवों में बाढ़ का खतरा मडराने लगा है।

यदि समय रहते सरकार और ग्रामीण तटबंधों पर पूराने बचे पेड़ों को सहेजने और नए पेड़ तैयार करने की पहल शुरू नहीं किए तो आगे आने वाले समय में यमुना से सटे दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आकर तबाह हो जायेगे।


यमुना बाढ़ के जद में आए पेड़ ढहने के मुहाने पर, इस वर्ष यदि बाढ़ के चपेट में आया तो धराशाई हो जायेगे इस तरह हजारों पेड़।

### इन गांवो में देखा जा सकता है सैकड़ो पेड़ कटान के जद में

यमुना नदी किनारे के गांव बसवार, अमिलिया, पालपुर, इरादतगंज, सारीपुर, बीकर, देवरिया, कंजासा, कैनुआ, बिरवल, मोहनी का पूरा सहित आदि दर्जनों गांवों के यमुना के तटबंधों पर स्थित विभिन्न प्रकार के सैकड़ो पेड़ कटान की चपेट में हैं। खड़े सैकड़ो पेड़ों की जड़े कटान की जद में आकर जड़े भी बाहर निकले देखे जा सकते हैं। जिनमें से भारी संख्या मे इस तरह दिख रहे पेड़ इसी वर्ष के बाढ़ के दौरान ढहने के मुहाने पर है। कई ऐसे तटबंध स्थान को ग्रामीण दिखाते है जहां पर पूर्व में दर्जनों विशाल पेड़ थे। लेकिन अब उनका नामोनिशान तक नहीं है। कटान की जद में आकर बाढ़ के दौरान ढ़ह नेस्तानाबूद हो गए।



## ...जब बाढ़ में फंसे ग्रामीणों पर आफत बनी बारिश का पानी

**झूंसी।** कछारी इलाको में बाढ़ में परेशान लोगो की मुशीबत शनिवार को बारिस ने और बड़ा दी। बाढ़ के पानी से बचने के लिए छत पर रखा लोगो के गिरस्थि का सामान बारिस में भीग गया। टापू में तब्दील गांव के लोग नाव से आवागमन कर रहे है। लगातर बढ़ रहे गंगा जमुना के जलस्तर की वजह से बदरा-सोनौटी मार्ग पर पानी सर के ऊपर हो गया है। जिसकी वजह से बदरा, सोनौटी, ढोलबजवा, पुरवा गांव टापू में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों के आवागमन के लिए छोटी, बड़ी मिला कर सात नाव लगाई गई है। 24 घण्टे हो गए गांव की लाइट कटे अब लोगो में इन्वर्टर भी बोल गए है गांव में अंधेरा पसरा है। मिट्टी के तेल का प्रबंध न होने की वजह से लोग मोमबत्ती के सहारे रात काट रहे है। शेरडीह निवासी हीरामणि यादव ने बताया कि बाढ़ और बारिस की वजह से गांव के बाहर पेड़ो पर जहरीले जन्तुओ ने डेरा जमाया है। रात में अंधेरा होने की वजह से जहरीले जन्तुओ का खतरा बढ़ गया है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया सीएचसी प्रभारी बनी प्रमोद कुमार ने बताया कि अभी हालात सामान्य है।

## न्यूज झरोखा

### स्कूल में डेंटल चेकप का किया गया आयोजन




**झूंसी।** पटेल नगर स्थित एमआरएस स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को फ्री डेंटल चैकप का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ. कुलदीप सिंह ने सभी छात्रों- छात्राओं का डेंटल चेकप किया। उन्होंने मुंह के कैंसर, दात में दर्द आदि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कुछ लोग दिन में दो बार ब्रश करते हैं, लेकिन साधारण टूथ ब्रश दांत के सिर्फ 60 प्रतिशत हिस्से की ही सफाई करता है। साधारण ब्रश से आगे और पीछे की सफाई हो पाती है। इसका मतलब यह हुआ कि दो दांतों के बीच की सफाई नहीं हो पाती। गंदगी दांतों के बीच में फंसी रह जाती है जो बाद में सड़न पैदा कर सकती है। इसलिए स्टैंडर्ड टूथ ब्रश का इस्तेमाल करें जो दांतों के बीच की गंदगी को निकाल सके। स्कूल के प्रबंधक अरविंद सिंह पटेल ने आखिर में चिकित्सको का स्वागत किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के साथ प्रमुख रूप से अंकित सिंह, आनंद सिंह, अजीत सिंह, रघुवंश सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने दी पूर्व जिलाध्यक्ष वरिष्ठ नेता को श्रद्धांजलि



**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष रहे राघवेंद्र मिश्रा के निधन पर यमुनापार प्रयागराज के जसरा मंडल में कार्यकर्ताओं ने एकत्रित हो दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी शोक सभा में मौजूद जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि बहुत ही सरल स्वभाव के स्वर्गीय मिश्रा जी का इस प्रकार से हम सब के बीच से चले जाना बहुत ही दुखद हैं। शोक सभा में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, महामंत्री नीरज केसरवानी व भूपेंद्र पाठक, राकेश पाठक, अर्जुन विश्वकर्मा, शिवाकांत तिवारी, कमला द्विवेदी, अशोक तिवारी, दीपचंद्र, अशीष सोनकर, राम केसरवानी, गोपाल केसरवानी, अंबुज त्रिपाठी, सोनू मिश्रा, सुधांशू मिश्रा, आकाश केसरवानी, सुरेश मिश्रा, उदित नारायण मिश्रा, विमल श्रीवास्तव, स्वतंत्र शुक्ला, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### डंपर की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक घायल

**करछना।** थाना क्षेत्र के पचदेवरा ओवर ब्रिज के पास करछना पचदेवरा मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के बेंदौ गांव निवासी अनिल कुमार 35 वर्ष पुत्र संगम लाल शनिवार देर शाम को अपनी मोटरसाइकिल से पचदेवरा की तरफ किसी कार्य बस आया था। उसी दरमियान घर लौटते समय पीछे की ओर से तेज रफ्तार आ रहा डंपर चालक ने बेकाबू होकर मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बाइक चालक मार्ग से दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे देख स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण डंपर चालक डंपर को छोड़कर मौके से फरार हो गया। लोग जब तक एंबुलेंस को बुलाते तब तक मोटर मालिक व स्थानीय पुलिस भी मौके पर आ पहुंची । जिसके बाद मोटर मालिक ने आनन-फानन में घायल व्यक्ति को पास के निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया।

# कान्हा के जन्म लेते ही आतिशबाजी से रोशन हो उठी अंधेरी रात...

## शंकरगढ़ थाना परिसर समेत जनपद के सभी थानों व पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव





**शंकरगढ़।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व शुक्रवार को पूरे जनपद में पूरे उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। मंदिरों को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। बाजारों, प्रमुख कस्बों में कान्हा की झांकियां सजाई गई थी। कस्बों और थानों पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन हुए। रात के जैसे ही बारह बजे -जय कन्हैयालाल की और हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की, भजन गूंजने लगा। इस दौरान कई स्थानों पर गीत-संगीत का भी कार्यक्रम हुआ। शंकरगढ़ थाना परिसर भी आकर्षक तरीके से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी के साथ-साथ फूल-पत्तियों से थाना परिसर व मंदिर की छटा देखते बन रही थी। शंकरगढ़ थाना परिसर में शुक्रवार की मध्य रात्रि में कान्हा के जन्म लेते ही आसमान आतिशबाजी की रोशनी से रोशन हो उठा। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महिलाओं ने सोहर गाया।थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने अपने परिवार और समस्त स्टाफ के साथ मंदिर में पूजन अर्चन किया। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कान्हा के जन्म लेने के बाद विभिन्न मंदिरों, घरों में नंदलाला की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु बेताब दिखे। झूले पर झूलते श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का अलौकिक दर्शन पाकर भक्तजन निहाल हो गए। शंकरगढ़ में थाना परिसर के साथ-साथ नगर पंचायत और ग्रामीणांचल में भी देर रात तक भजन-कीर्तन का प्रोग्राम चला। इसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

शंकरगढ़ थाना परिसर में सजाई गई मनोहारी झांकियों को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। नगर पंचायत के साथ-साथ ग्रामीणांचल से भी लोग थाना परिसर के आयोजन को देखने आए थे। इस दौरान यहां पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपने भजन के जरिए कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया।थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी बारा संतलाल सरोज, ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ निर्मला देवी, खण्ड विकास अधिकारी राम विलास राय, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, अमरेंद्र सिंह, राकेश यादव व्यापार मंडल अध्यक्ष शंकरगढ़ मूलचन्द गुप्ता, रतन केसरवानी, जय केसरवानी, राजेश कुमार, दीपक, ग्राम प्रधान शैलेन्द्र सिंह उर्फ बबली, अरविंद सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा समेत सैकड़ों लोग पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया।

### इफको में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव



**फूलपुर।** योगेश्वर श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव घरों, मंदिरो में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। बीरकाजी गांव में जिला पंचायत सदस्य दीनानाथ यादव के यहां प्रतिवर्ष की भांति शुक्रवार को भी 24 घंटे संकीर्तन व भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इफको घियानगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित भव्य झांकी सजाई गई। जब घियानगर के छोटे छोटे बच्चे राधा-कृष्ण के आकर्षक परिधान में आये तो पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। इस दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। मध्यरात्रि श्रीकृष्ण जन्म के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया व विनीता कुदेशिया ने योगेश्वर की आरती उतारी। मौके पर पी.के.सिंह,संतोष कुमार शुक्ला, दानवीर सिंह, ओम कल्याण समिति के सचिव रामेश्वर मिश्र, पी.के.त्रिपाठी , अजय कुमार मिश्र, संजय कुमार मिश्र , स्वयं प्रकाश, पवन कुमार त्रिपाठी, मंदिर के पुजारी रंजीत मिश्र के साथ अन्तःवासी भक्त नरनारी मौजूद रहे।

### नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...



**जंघई।** शुक्रवार शाम से शनिवार भोर तक श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जगह जगह भक्ति संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई।महिला, पुरुष एवं बच्चे भगवान श्री कृष्ण का जन्म होने पर खुशी से झूम उठे, और बड़े उत्साह एवं उल्लासपूर्वक भगवान श्री कृष्ण की पूजा-आराधना की एवं प्रसाद चढ़ाया पूरी रात कृष्ण भगवान के जयकारे लगते रहे।

### धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर मेजा क्षेत्र के सभी मंदिरों में आकर्षक विद्युत साजसज्जा की गई थी। मंदिरों में भगवान राधा कृष्ण की आकर्षक झांकियां सजाई गई है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में दिन भर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा और भक्तों का मंदिरो में तांता लगा रहा। सभी प्रमुख मंदिरों में श्रृद्धालुओं ने दर्शन पूजन किए।नगरपंचायत सिरसा श्री श्रीनाथ मंदिर सिरसा, श्री माँ ज्वाला देवी मन्दिर सिरसा, रामनगर, सोनार का तारा, नगरपंचायत, भारतगंज, मानस मन्दिर मेजारोड, मेजा तहसील सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्रों मे जैसे ही मंदिर के पट खुले वैसे ही हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की के गगनभेदी जयकारों से मंदिर का कोना कोना गुंजायमान हो उठा। शंख, झालरों और नगाड़ों की ध्वनि के बीच आतिशबाजी के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कान्हा के अभिषेक के साथ गाये गये बधाई गीत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच भगवान कृष्ण का अभिषेक हुआ और 56 व्यंजन का भोग लगा। महिलाओं ने जन्मोत्सव के बधाई गीत गाए । ढोलक की थाप के साथ जब जन्मोत्सव गीत गाए जाने लगे तो महिलाएं खुद को रोक न सकी और भक्ति भाव में ऐसे डूब गई कि अब उनके पांव थिरकने लगे। परिषदीय विद्यालयों में भी जन्माष्टमी पर्व का उल्लास देखने को मिला। छात्र छात्राओं को राधा कृष्ण के रूप में सजाया राधा कृष्ण का रूप धारण कर बच्चों ने मनमोहक नृत्य किया व रासलीलाओं का मंचन किया इस अवसर पर मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की गई ।

### सरायममरेज थाना व पुलिस चौकी जंघई में मना जन्मोत्सव



**जंघई।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार सरायममरेज थाना में प्रभारी निरीक्षक तरुणेंद्र त्रिपाठी एवं पुलिस चौकी जंघई में चौकी इंचार्ज सुधीर पांडेय के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित विविध झांकियां सजाई गईं भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे रहे हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान रहा। इस दौरान सरायममरेज थाना में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें सुप्रसिद्ध गायक जिला द्विवेदी द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाए जाने की परंपरा के तहत बड़ी संख्या में भक्तों ने पुरुषोत्तम का जन्मोत्सव मनाया लड्डू गोपाल की झांकी को आकर्षक ढंग से सजाकर भोग लगाया आरती उतारी और भजन गाते हुए कृपापात्र बनाने की कामना की।इस अवसर पर सरायममरेज एवं पुलिस चौकी जंघई के समस्त स्टाफ एवं क्षेत्रवासी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। देर रात तक लोग भक्ति में डूबे रहे थाना, चौकी व मंदिरों में दिन भर लोग सजावट में जुटे रहे शाम होते ही भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो गया।

### हनुमान मंदिर महुआपुर में जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**जंघई।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हनुमान मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाई गई। भजन कीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें गांव के सभी भक्तों ने भाग लिया एवं पूजन अर्चन किया और प्रसाद ग्रहण किया।हिमांशु दुबे, विशाल दुबे, सुधांशु दुबे, अभिषेक, विशाल तिवारी सचिन शर्मा, दिव्यांश आकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### धीरज व आरती सिंह सेल्फी विद तिरंगा के बने विजेता

**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव पर सेल्फी विद तिरंगा प्रतियोगिता का आयोजन रुद्रा संगम में आयोजित किया गया था। जिसका परिणाम शनिवार को निर्णायक मंडल ने दिया। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम धीरज सिंह, द्वितीय स्थान पर अनिल गुप्ता व तीसरे स्थान पर अनिल मिश्र रहे। महिलाओं में प्रथम स्थान पर आरती सिंह, दूसरे स्थान पर स्वाति मौर्य व तीसरे स्थान पर रुचि पाठक रही। बच्चो में वंशिका श्रीवास्तव प्रथम, दूसरे स्थान पर एरिका सिंह व राशी श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रही। आयोजक संतोष सिंह व चंचल सिंह ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी है

### छात्रवृत्ति के लिए करें आवेदन

**प्रयागराज।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नंद किशोर याज्ञिक ने बताया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र/छात्राओं के शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र मॉगे गये हैं। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्री-मैट्रिक कक्षा में अध्ययनरत छात्र/छात्राएं दिनांक 30 सितम्बर, 2022 तक एवं पोस्ट मैट्रिक/टॉप क्लास में अध्ययनरत छात्र/छात्राएं दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 तक मंत्रालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण कर सकते हैं। योजना की विस्तृत गाइडलाइन मंत्रालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर अथवा विकास भवन में कक्ष संख्या-17 से प्राप्त कर सकते हैं।

# गंगा-यमुना खतरे के निशान से 2 मीटर दूर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गंगा यमुना के बीच में बसे प्रयागराज शहर में बाढ़ का खतरा अब मंडराने लगा है। भले ही प्रयागराज में इस बार बारिश उम्मीद के मुताबिक नहीं हुई हो लेकिन, पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश होने और बांधों से गंगा यमुना में पानी छोड़े जाने का असर प्रयागराज में दिखने लगा है।

**तटीय इलाकों में हाई अलर्ट :** तटीय इलाकों में पानी तेजी से फैल रहा है। कई तटीय इलाकों में पानी अंदर तक घुस चुका है। सोमवार को पांच लाख क्यूसेक पानी के प्रयागराज पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद स्थिति और अधिक परेशानी वाली हो सकती है। जिला प्रशासन ने तटीय इलाकों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है और सभी को सावधान रहने को कहा है। रात में जिस तरह से पानी की गति बढ़ रही है, उससे स्थिति काफी चिंताजनक है।

**24 घंटे में 58 सेमी बढ़ी गंगा :**

इस समय गंगा के जलस्तर बढ़ने की रफ्तार सबसे अधिक है। छतनाग में स्थिति सबसे विकट है। यहां पिछले 24 घंटे में गंगा का जलस?तर 58 सेमी बढ़ चुका है। इससे गंगा की रफ्तार का आकलन किया जा सकता है। अगर इसी गति से गंगा बढ़ती रही तो खतरे के निशान को छूने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। इसके अलावा फाफामऊ में 51 सेमी प्रति चौबीस घंटे की रफ्तार से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है।प्रयागराज में यमुना नदी के बाढ़ की बात करें तो यमुनापार के नैनी इलाके में जो आंकड़े दर्ज किए गए हैं, उसके अनुसार पिछलें 24 घंटे में यमुना का जलस्तर 43 सेमी बढ़ चुका है।प्रयागराज शहर गंगा और यमुना नदी के बीच में बसा हुआ है। ऐसे में यहां हमेशा बाढ़ का खतरा बना रहता है। बाढ़ विभाग ने प्रयागराज के लिए 84.73 मीटर खतरे का निशान तय किया है। यह गंगा और यमुना दोनों के लिए है। अगर पानी खतरे के निशान को छू लेता है तो स्थिति बहुत गंभीर हो सकती है। इस समय गंगा और यमुना खतरे का निशान से मात्र दो मीटर नीचे ही बह रही हैं।

# क्रियायोग आश्रम पर भू माफियाओं की निगाहें!

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** क्रियायोग संस्थान के अन्तरराष्ट्रीय विकास से ईर्ष्या रखने वाले असामाजिक तत्व बार-बार इसे डिस्टर्ब करने के लिए प्रयास करते रहते हैं। झूठा मुकदमा कर उच्च न्यायालय में अनेक याचिकाएं दर्ज किये, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। आश्रम की सम्पूर्ण जमीनों की कई बार पैमाइश होकर उस पर न्यायालय, उच्च न्यायालय तथा जिला प्रशासन की रिपोर्ट लग चुकी है। जिससे स्पष्ट है कि आश्रम अपनी भूमिधरी जमीन पर काबिज है।संस्थान के संस्थापक सत्यम् योगी ने हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से वार्ता करने पर बताया कि धन उगाही का उद्देश्य व भूमि कब्जाने की एक साजिश चल रही है। जब कोई नया प्रशासनिक अधिकारी आता है तब ये लोग उन्हे भ्रमित करते रहते हैं। उन्हें परेशान करने की नियत से अधिकारियों के यहां बार-बार प्रार्थना पत्र दिया जाता रहा है। सत्यम् योगी का कहना है कि ऐसे लोगों पर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए, जो प्रशासन को भी भ्रमित कर झूठा आवेदन देते रहते हैं। जिससे भविष्य में प्रशासनिक कार्रवाई के भय से वे लोग ऐसा अनुचित कार्य न करें।

**न्यायालय व उच्च न्यायालय ने याचिकाएं की है खारिज,अनेक जिलाधिकारियों ने जांचोपरान्त पाया कि आश्रम क्रय की गई भूमिधरी पर काबिज**

### क्रियायोग की स्थापना 1983 में हुई

उल्लेखनीय है कि योगी सत्यम् ने 1983 में क्रियायोग संस्थान की स्थापना की। जिसका तत्कालीन जिलाधिकारी पीसी चतुर्वेदी, आईपीएस भारतेन्दु प्रकाश सिंह तथा मानव एवं संसाधन मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी ने शिलान्यास किया था। तभी से आश्रम मानव सेवा और शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु संकल्पित और सेवारत है। जो पूर्णतया निःशुल्क रहता है। सत्यम् योगी ने बताया कि यह विश्व की पहली संस्था है जहां आज भारत के विभिन्न प्रदेशों के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा, यूरोप, सिंगापुर, ब्राजील आदि देशों के लोग आकर रहते हैं।

## संपूर्ण समाधान दिवस ...

# जमीनी विवाद व बिजली कटौती का छाया रहा मुद्दा

**समाधान दिवस में पहली बार पहुंचे एसडीओ, शिकायत कताओं से नोकझोंक**

अखंड भारत संदेश



**रत्योरा\कोरांव।** शनिवार को उप जिलाधिकारी कोरांव योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां आए हुए फरियादियों की एसडीएम और तहसीलदार ने शिकायतें सुनते हुए संबंधित जिम्मेदारों को 28 अगस्त तक प्रत्येक शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व से जुड़े मामलों जैसे नाली, चकरोड एवं जमीनी विवाद तथा बिजली कटौती व जले ट्रांसफार्मरों को न बदले जाने के मुद्दे छाए रहे। डेढ़ वर्ष से तैनात एसडीओ विद्युत कोराव अमित कुमार सिंह के पहली बार संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचने पर फरियादियों में आक्रोश देखा गया। फरियादियों ने एसडीएम से शिकायत किया कि एसडीओ विद्युत कभी फोन नहीं उठाते हैं और न ही शिकायतों का निस्तारण करते हैं। इस दौरान एसडीओ व शिकायतकताओं से काफी देर तक नोकझोंक भी होती रही। बेलवनिया गांव के संतोष कुमार पांडेय ने समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई कि मेरे दरवाजे पर बिजली का पोल है। जिसके स्टे में करंट उतरता रहता है। जिसकी शिकायत कई बार समाधान दिवस और एसडीओ से की गई किंतु अभी तक निस्तारण नहीं किया गया। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वही महुली गांव की शांति देवी पत्नी स्वर्गीय अमरजीत ने शिकायत दर्ज कराई की चकबंदी के दौरान चकबंदी कताओं ने मेरे चक को हटाकर कहीं अन्यत्र कर दिया। जिसे यथावत करने के लिए कई बार शिकायत दर्ज कराई, किंतु अभी तक मामले का निस्तारण नहीं हो सका। इसी प्रकार खजुरी खुर्द गांव के रहने वाले सुखलाल विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज कराया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास मिला हुआ है। मेरा पुश्तैनी कच्चा मकान गिर गया है, बगल का ही विपक्षी पुश्तैनी मकान पर निर्माण कार्य नहीं करने दे रहा है। बताया कि लगभग 50 बार समाधान दिवस में शिकायत कर चुका हूं किंतु अभी तक मामले का निस्तारण नहीं हो सका। ढेरहन गांव के रहने वाले भुल्लन पुत्र मोतीलाल ने शिकायत दर्ज कराई कि मेरी वसीयत की पत्रावली तहसीलदार के यहां विचाराधीन है। जिस पर आदेश कराने के लिए हल्का लेखपाल शैलेश यादव ने मुझसे बीस हजार ले लिए किंतु न तो आदेश हुआ और न ही पैसा वापस कर रहे हैं। पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी लेखपाल के द्वारा दी जा रही है। कपासी कला गांव के ग्रामीणों ने 90 के दशक में ग्राम प्रधान द्वारा बनवाई गई सड़क पर कीचड़ हो जाने की शिकायत करते हुए पुनः रास्ते के मरम्मत की मांग की। आदेश शिकायतकर्ता प्रमोद कुमार आदेश सिंह नीरज कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि तकरीबन 400 परिवार निवास कर रहे हैं और गुठने भर कीचड़ युक्त रास्ते से आने जाने के लिए मजबूर हैं। संपूर्ण समाधान दिवस कोरांव में कुल 158 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 50 शिकायतें राजस्व विभाग की मिली वहीं पुलिस से 35 विकास से 25, शिक्षा से एक, अन्य विभागों की कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई स्वास्थ्य व समाज कल्याण से कोई शिकायतें नहीं मिली।

## करछना समाधान दिवस पर आई सैकड़ों शिकायतें निस्तारण की संख्या रही शून्य



**करछना।** शनिवार को तहसील करछना के संपूर्ण समाधान दिवस पर दूर दराज से अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादी हाथ में लगी निराशा एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका जिससे धीरे-धीरे फरियादियों की संपूर्ण समाधान दिवस की उपलब्धता समाप्त होती जा रही है सरकार के आला अधिकारी सरकार की महत्वपूर्ण कार योजनाओं को अधिकारी पलीता लगाने में मकसूद हैं सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य न होने से जनमानस में अधिकारियों की उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं लोग शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर एडीएम प्रयागराज व उप जिलाधिकारी करछना रेनू सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें 160 शिकायतें फरियादियों ने दर्ज कराई जिनका मौके पर एक भी निस्तारण नहीं हो सका जिससे मायूस होकर फरियादी लौट गए वहीं उप जिलाधिकारी करछना रेनू सिंह ने शिकायतों को निस्तारण हेत संबंधित विभाग के अधिकारियों को 1 सप्ताह के भीतर निस्तारण कर किए जाने का निर्देश दिया है इस मौके पर संबंधित थाना प्रभारी करछना ,औद्योगिक क्षेत्र ,नैनी एवं घूरपुर के अलावा खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार खंड विकास अधिकारी कौंधियारा, एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा सहित संबंधित विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## जमानत से छूटने पर दुराचारी ने साथियों संग पीडिता का कर लिया अपहरण

**मऊआइमा।** एक वर्ष पूर्व एक युवती के साथ एक युवक ने दुराचार किया था । जिसमें पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी जमानत से छूट कर आने के बाद अपने साथियों के साथ युवती का अपहरण कर ले गया। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक गांव की एक युवती के साथ। 7 अगस्त2021 को दुराचार किया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी रोहित पुत्र इन्द्र पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बताते हैं कि रोहित जमानत से छूट कर आया तथा गत दिनों अपने साथियों को लेकर चार पहिया वाहन से तमंचा लेकर युवती के घर पहुंच गया। आरोप है कि पीडिता को लेकर चार पहिया वाहन में बैठा कर रफूचक्कर हो गया। युवती के भाई ने मऊआइमा थाने में रोहित ,रोशन लाल,शिवा,राम अनन्द , मीना देवी ,जूली तथा अजय कुमार के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# बाइक छोड़ने के बाद लुटेरों ने बदले थे कपड़े, सीसीटीवी में आए नजर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में सरिया व्यापारियों से 6.05 लाख की लूट करने वाले बदमाशों ने बाइक छोड़ने के लिए साथ ही कपड़े भी बदले थे। इसका खुलासा सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल में सामने आया है। उधर पुलिस ने इस मामले में एक हॉस्टलर को भी पकड़ा है। जिससे पूछताछ जारी है। जांच पड़ताल के दौरान एक चौंकाने वाली बात सामने आई। पता चला कि बदमाशों ने राजापुर में बाइक छोड़ने के बाद अपने कपड़े भी बदले थे। जहां बाइक मिली, उस स्थान पर जाते वक्त उनके कपड़े वही थे जो उन्होंने घटनास्थल पर पहन रखे थे। हालांकि, बाइक छोड़कर लौटते वक्त उनके कपड़े बदले हुए थे। वहां से बदमाश पैदल ही निकले और फिर स्टैनली रोड पर पहुंचकर भीड़ में गुम हो गए। माना जा रहा है कि पुलिस को चकमा देने के लिए ही उन्होंने कपड़े बदले। फिलहाल पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि लुटेरों की तलाश की जा रही है। टीमें लगाई गई हैं, जो खुलासे के प्रयास में लगी हैं।

### शक के आधार पर उठाया गया

सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में हॉस्टल के एक छात्र को भी उठाया है। दरअसल, इसके बारे में पुलिस को पता चला है कि उसके कुछ साथियों की गतिविधियां संदिग्ध है। घटना वाले दिन उसकी लोकेशन भी घटनास्थल के आसपास मिली है। पुलिस के साथ ही एसओजी की टीम भी उससे पूछताछ में जुटी है।

### पहले भी कर चुके हैं वारदात

सूत्रों का कहना है कि यह गिरोह पहले भी लूट की वारदात कर चुके हैं। इससे पहले भी वारदात में अपाचे बाइक का ही इस्तेमाल किया गया था। एक बदमाश को चिह्नित कर लिया गया है। जिसके बारे में पता चला है कि वह हर बार वारदात के बाद बाइक कुछ दिनों के लिए कहीं छोड़ देता है। उसकी तलाश में टीमें लगाई गई हैं।

# महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के गुलालपुर हेतापट्टी स्थित महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें छात्र छात्राओं ने वाद संवाद, निबंधात्मक एवं नाट्य प्रतियोगिता साहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन शिव प्रकाश तिवारी ने छात्र छात्राओं को अपना आशीर्वाद देते हुए उन्हें शिक्षा के लाभकारी गुण बताया। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को चाहिए विद्यालय से एवं अपने गुरुजनों तथा अपने माता पिता से अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हुए एक ऐसा लक्ष्य बनाकर शिक्षा ग्रहण करें जिससे अपने माता पिता के साथ साथ विद्यालय एवं गुरुजनों का तथा क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिव प्रकाश तिवारी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बैच प्रदान किए। जिसमें स्कूल कैप्टन श्रेया त्रिपाठी, स्कूल वाइस कैप्टन राज सिंह, रेड हाउस कैप्टन यस त्रिपाठी, रेड हाउस वाइस कैप्टन सिद्धि सिंह, यलो हाउस कैप्टन अंजली मिश्रा, येलो हाउस वाइस कैप्टन श्रेया पटेल, ब्लू हाउस कैप्टन श्लोक सोनी, ब्लू हाउस वाइस कैप्टन आकांक्षा यादव, ग्रीन हाउस कैप्टन तनिष्का कुशवाहा, ग्रीन हाउस वाइस कैप्टन रिद्धि सिंह, डिसिप्लिन कैप्टन अनुष्का पांडे, डिसिप्लिन वाइस कैप्टन अंशिका शुक्ला, स्पोर्ट कैप्टन तृषा सिंह, स्पोर्ट वाइस कैप्टन दिब्य शुक्ला, डिसिप्लिन कमेटी मेंबर रिमझिम, युगान्क, अंजनी, यसी शुक्ला, निखिल सिंह एवं एक्टिविटी मेंबर दीपेश, अंजलि, आरूष, हिमेश यादव, साक्षी सोनी, आराध्या तिवारी, नंदिनी तिवारी, अमन यादव को बैच प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डायरेक्टर कृष्णा तिवारी, प्रिंसिपल मूलचंद, हेड टीचर दीपिका सिंह एवं शिवम मिश्रा, अभिनव शुक्ला, सार्थक द्विवेदी, अरुण, सौम्या सिंह, शिवानी पाल, निवेदिता मिश्रा, श्वेता सेन, संजना त्रिपाठी व ममता सिंह अध्यापक गण मौजूद रहे।



महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मौजूद चेयरमैन शिव प्रकाश तिवारी व अन्य

## न्यूज झरोखा

### नैनी में बारिश से लोगों के घरों में घूसा पानी



**नैनी।** शनिवार दोपहर हुई मूसलाधार बारिश से नैनी के कई इलाकों में पानी भर गया। जलभराव की चपेट में आने से लोगो के घरों में पानी घुस गया। बारिश के बाद लोग घरों में इकठ्ठा पानी को निकलने का घंटो प्रयास करते रहे जमुना नगर,हनुमाननगर,मेवालाल की बगिया, चाका,दादरी,गंगोत्री नगर जैसे मोहल्लों में नाव चलाने की स्थित हो गई थी। सड़को पर पानी लगने से आवागमन भी प्रभावित रहा। जमुना नगर के निवासियों का कहना है कि बारिश में हमेशा जल भराव की स्थित हो जाती है कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। लगभग एक घंटे हुई बारिश में मेवालाल की बगिया पर मौजूद एक बैंक में पानी घुस गया पानी इतना ज्यादा हो गया था की बैंक का सारा काम बंद करना पड़ा और पानी निकलवाने के लिए मजदूर बुलाए गए तब जाकर घंटों प्रयास करने के बाद बैंक के अंदर से पानी निकलना। नैनी थाने में भी जलभराव से फरियादियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। जिससे कार्य बाधित रहा। बारिश की वजह से कई मोहल्लों में बिजली की सप्लाई पर भी असर पड़ा। बता दें कि जमुना नगर मोहल्ले में आए दिन पानी भरने की समस्या बनी रहती है और लोगों का कहना है कि अधिकारी कोई सुनता नहीं है वही जमुना नगर में जितने भी चेंबर हैं अधिकतर चेंबर का ढक्कन टूटे हुए हैं कभी भी बड़ा हादसा हो सकता ह।

### एमएलसी निर्मला पासवान का हुआ स्वागत



**झूंसी।** विधान परिषद सदस्य चुने जाने के बाद झूंसी में प्रथम आगम पर शनिवार को निर्मला पासवान का भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेत्री सत्या तिवारी के आवास पर पहुची एमएलसी निर्मला पासवान का महिलाओं ने माला पहना कर स्वागत किया। निर्मला पासवान ने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगो की खास कर महिलाओं की आवाज विधान परिषद में उठाऊँगी। इस अवसर पर श्याम सुंदर दुबे, सचिन मिश्रा, प्रदीप पाठक, रीता त्रिपाठी, सुनीता उपाध्याय, मंजू तिवारी, गायत्री दुबे, रेखा पाठक, सीता द्विवेदी, कुशुम लाता तिवारी, रेखा श्रीवास्तव, सरोज शाहू, बिना तिवारी, शशिबाला शर्मा, मोनू आदि कार्यकता उपस्थित रहे।

### अवैध बालू लदी ट्रैक्टर सहित एक को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा पुलिस ने अवैध बालू लदी ट्रैक्टर सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की। मेजा थान प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने अबैध परिवहन के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक/चौकी प्रभारी जेवनिया प्रदीप कुमार अस्थाना व का0 अनुराग यादव द्वारा 01 अभियुक्त सुनीत कुमार उपाध्याय उर्फ नीतू पुत्र विमल कुमार उपाध्याय निवासी मदरामुकुंदपुर थाना मेजा को गिरफ्तार कर कब्जे से अबैध बालू से लदी ट्रैक्टर ट्राली बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

# रिमझिम वर्षा के साथ मेला प्रेमियों ने उठाया मेले का लुफ़्त

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** क्षेत्र के शिवगढ़ चौराहे पर शनिवार को एक भव्य मेले का आयोजन किया गया गौरतलब है कि भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन यह मेला क्षेत्रीय लोगों द्वारा व्यापार मंडल अध्यक्ष लालचंद पटेल के निगरानी में किया जाता है। इतना ही नहीं मेले में विभिन्न प्रकार की चौकियों भी निकाली गई। और लोगों ने चौकियों का भी आनंद लिया। लगभग 2 किलोमीटर में यह मेला लगवाया गया। हालांकि सुबह से ही दुकानदारों का जमावड़ा लगा रहा। बीच-बीच में भगवान इंद्र द्वारा पानी की फुहार भी हो रही थी लेकिन फिर भी मेला प्रेमियों ने जमकर मेले का लुफ्त उठाएं। मेले में बहुत से जिम्मेदारों ने अपने अपने मोहल्ले की जिम्मेदारी भी ले रखी थी। जिसमें व्यापार मंडल अध्यक्ष लालचंद पटेल ने जानकारी दी। कि यह मेला लगभग सैकड़ों वर्ष पुराना है जो श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन संचालित किया जाता है। हालांकि बीच में कोरोना महामारी से मेला नहीं लग पाया था। इस मेले में सुबह से पूरी रात तक चहल पहल लगा रहा। क्षेत्र का बड़ा मेला होने के कारण कई गांव के लोग आए और मेले का आनंद लेते हैं। हालांकि शांति व्यवस्था के लिए क्षेत्रीय दरोगा आशुतोष सिंह,भूपेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल राम शिरोमणि कनौजिया,होम गार्ड संदीप कुमार संग थाने की फोर्स तैनात रही। तथा लगभग प्रत्येक घर पर रिश्तेदार भी आए और उसी के बहाने लोगों का मिलना जुलना, हाल-चाल, दुआ सलाम, भी हो जाता है। इस मौके पर जिला पंचायत खिन्नी लाल पासी, हाजी इलियास खान, लाल चंद्र पटेल, रवि मौर्य, दीपू सोनी,राज कुमार केशरवानी, जेपी विश्वकर्मा, संतोष पटेल,अजीत जायसवाल,रंजीत,धीरेंद्र, बचन्ने यादव, संतोष कुशवाहा,शिव प्रसाद, मुन्ना पहलवान, रामसरन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कोरांव : अधर में लटके अमृत सरोवरों के विकास कार्य

**सुंदरीकरण के नाम पर बने महज ध्वजारोहण के चबूतरे, बाकी कार्य अधूरे**

अखंड भारत संदेश





**रत्योरा।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना अनेक लक्ष्यों को अपने आंचल में समेटे हुए दिखती है, मगर कोरांव में इसकी हकीकत कुछ और ही है,एक तरफ जहां इस योजना द्वारा आच्छादित तालाबों के सुंदरीकरण का काम काफी धीमा है वहीं कुछ तालाबों में फर्जी जॉब कार्ड के जरिए गांव के वास्तविक श्रमिकों के हक पर डाका डाला जा रहा है। अमृत सरोवर योजना के तहत चयनित प्रथम फेज के तालाबों का सुंदरीकरण कार्य 15 अगस्त तक पूरे होने थे। अभी तक कोरांव में किसी भी अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण का काम पूरा नहीं हो सका है। 15 अगस्त को आनन-फानन में ध्वजारोहण के चबूतरे बनवा कर कई अमृत सरोवरों के उद्घाटन भी कर दिए गए। जबकि हकीकत में देखा जाए तो अभी न तो तालाबों पर रिंग रोड बनी है न लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां और न ही कार्य हैंड ओवर हुए हैं, किंतु लक्ष्य की पूर्ति दिखाने के लिए कई तालाबों का विधायक की उपस्थिति में लोकार्पण कर दिया गया।

### खीरी व तरांव के अमृत सरोवरों में बंद पड़ा काम

आजादी के अमृत महोत्सव पर 24 अप्रैल 2022 से शुरू की गई अमृत सरोवर योजना को नियत समय में पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, मगर स्थानीय खीरी व तरांव गांव में यह योजना 9 दिन चले अढ़ाई कोस के हालात से गुजर रही है। महीनों पूर्व शुरू किए गए निर्माण कार्य के बावजूद तालाब पर महज अब तक एक चबूतरे का ही निर्माण किया जा सका है, खुदाई भी नहीं की जा सकी है। न तो इंटरलॉकिंग रिंग मार्ग का निर्माण किया जा सका है। यदि यही गति रही तो इन तालाबो के कार्य को पूरा करने में वर्षों लग सकते हैं। विकासखंड कोरांव में कई ऐसे अमृत सरोवर योजना में चयनित तालाब हैं जिनमें अभी तक विकास कार्य शुरू नहीं हुए हैं। कहीं-कहीं ग्रामीणों से तथ्यों को छिपाने के लिए तालाबों पर बोर्ड भी नहीं लगाए गए हैं। जिससे ग्रामीणों में भी उहापोह की स्थिति बनी हुई है।

# समाधान दिवस में आयी छियासी शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण

## तहसील दिवस में 84 मामलों में पांच का हुआ मौके पर निस्तारण



सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं की सुनवाई करते अफसर।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज/पट्टी, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस शनिवार को लालगंज तहसील सभागार मे सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस मे कुल आई छियासी शिकायतों मे से अफसरों ने पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। लालगंज एसडीएम सौम्य मिश्र ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए फरियादियों को समस्या का समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया।

एसडीएम व सीओ ने मातहतों को समाधान दिवस मे आयी शिकायतों को लेकर मौके पर जाकर निष्पक्ष निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। सीओ रामसूरत सोनकर ने पुलिस से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई की। उन्होनें मातहतों से त्वरित व पारदर्शितापूर्ण निस्तारण करने को कहा। समाधान दिवस में सर्वाधिक उन्सठ शिकायतें राजस्व विभाग से रहीं। वहीं पुलिस विभाग की तेईस व अन्य विभाग से जुडी चार शिकायतें आयीं। समाधान दिवस में तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, लालगंज बीडीओ एके सोनकर, पूर्ति निरीक्षक राज सिंह यादव आदि रहे। पट्टी प्रतिनिधि के अनुसार उधर शनिवार को पट्टी तहसील में आयोजित तहसील दिवस में कुल 84 मामले आए जिसमें 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम दीपक ने किया। तहसील दिवस पर फरियादियों की भीड़ उमड़ी रही। राजस्व के कुल 32 मामले पुलिस विभाग के 23 शिक्षा विभाग का एक सहित कुल 84 मामले जिसमें राजस्व के 5 मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया।

## बोलेरो की टक्कर से युवक घायल, पुलिस को दी गई तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के मुडियन का पुरवा बेलहा गांव निवासी युवक के दुर्घटना में घायल होने को लेकर पीड़ित परिवार की तरफ से शनिवार को पुलिस को तहरीर दी गयी। गांव निवासी मथुरा प्रसाद पुत्र स्व. झुरहा ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते अठारह अगस्त को रात लगभग साढे आठ बजे उसका भाई राजेश सरोज बेलहा चैराहे से साइकिल से घर लौट रहा था। गांव के रास्ते में मछली तालाब के पास वह साइकिल से उतर कर उसकी चेन ठीक करने लगा। इसी बीच सामने से आ रहे बोलेरो चालक ने लापरवाहीपूर्वक तीव्र गति से वाहन चलाते हुए राजेश को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका स्वरूप रानी मेडिकल कालेज प्रयागराज से इलाज जारी है। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मामले मे मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# कांग्रेसियों ने जयन्ती पर राजीव गांधी के बहुमूल्य योगदान को किया नमन

## प्रमोद व मोना ने वर्चुअल डाला प्रकाश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर शनिवार को भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गयी। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर कैम्प कार्यालय पर जुटे कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

कार्यक्रम में कार्यकताओं को वर्चुअल संबोधित करते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि राजीव गांधी के नेतृत्व में देश को संचार क्रांति के साथ युवा मताधिकार का संवैधानिक गौरव हासिल हुआ। वहीं शनिवार को क्षेत्रीय दौरे पर मौजूद कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने विभिन्न कार्यक्रमों मे राजीव गांधी की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि दुनिया में सशक्त भारत के निर्माण में राजीव गांधी का प्रधानमंत्रित्वकाल सदैव स्वर्णाक्षरों मे अंकित रहेगा। उन्होनें कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में युवा भारत के निर्माण की आधारशिला देश के युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल की सबसे बड़ी देन है। अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। इस मौके पर हृदय नारायण मिश्र, छोटे लाल सरोज, विनय पाण्डेय, सोनू मिश्र, सालिक, देवानंद मिश्र, शास्त्री सौरभ, गीता सिंह, दयाराम वर्मा, बृजेश द्विवेदी, सिंटू मिश्र, मुरलीधर तिवारी, पप्पू तिवारी आदि रहे।

## इंदिरा भवन पर मनी राजीव गांधी की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर आज युग द्दष्टा, सूचना एवं कंप्यूटर क्रांति के जनक, पंचायती राज के माध्यम से महिलाओं को तृस्तरीय पंचायतों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले, मतदाताओं की उम्र सीमा घटाकर 18 वर्ष करने जैसे ऐतिहासिक कार्य करने वाले, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी का जयंती समारोह, मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष डा. वी. के. सिंह ने की तथा संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र ने किया। इस मौके पर डा. वी. के. सिंह, पूर्व प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, जिला प्रवक्ता कपिल द्विवेदी, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, महेंद्र शुक्ल, सरोज कश्यप, रोहित शुक्ल, यमुना पांडेय, आशुतोष तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ल, मनीष सिंह, उत्सव भूषण, करुण पांडेय, मो.इस्तियां, आयुष तिवारी, सलीम उल्ला,सोनी तिवारी, श्याम शंकर, राम रतन तिवारी, अंशुमान मिश्र, अब्दुल रहमान, अनिल मौर्या सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मत्स्य पालक विकास अभिकरण में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त हुए कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद लाभप्रद सुविधाएं न मिलने से इस संवर्ग मे आक्रोश देखा जा रहा है। तालाब उत्पादन विशेषज्ञ रहे बृजेश नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में सेवानिवृत्त संवर्ग ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को ज्ञापन सौंपकर पेंशन तथा नकदीकरण व सातवें वेतनमान के लाभ सरकार से दिलाये जाने का अनुरोध किया गया है। बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मत्स्य विभाग के अर्न्तगत मत्स्य पालक विकास अभिकरणों में प्रतापगढ़, गोरखपुर, रायबरेली, बलिया, बनारस, आजमगढ़, अयोध्या, बाराबंकी, गाजीपुर, सुल्तानपुर, उन्नाव, बस्ती व प्रयागराज तथा जौनपुर, बदांयू, मेरठ, लखनऊ व देवरिया आदि जिलों में अभिकरणों मे स्वीकृत पदों के सापेक्ष नियुक्ति दी गयी थी। इसके बावजूद इस संवर्ग के लोगों की सेवानिवृत्त के बावजूद अभी तक इन्हें सेवानिवृत्त का कोई लाभ नही दिया जा रहा है। ऐसे में दर्जनों कार्मिक दयनीय स्थिति मे आ पहुंचे है। सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतिनिधिमण्डल को मुख्यमंत्री से समस्या का समाधान कराए जाने हेतु हर सम्भव प्रयास का भरोसा दिलाया। इस मौके पर एसबी सिंह, हरीश सहाय, जयघोष, मोहम्मद आफाक आदि रहे।

## तूफान आने से एक की मौत, ग्राम प्रधान सहित कई घायल

**प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र में शनिवार की दोपहर आए तूफान से भारी तबाही हुई है। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि ग्राम प्रधान सहित दर्जन भर लोग घायल हो गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पुलिस पहुंच गई है। बताया जाता है कि शनिवार को अपरान्ह में भारी तूफान आया जिससे बिजली के कई खंभे और पेड़ गिर गये जिसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई गांव का आवागमन बाधित हो गया। पेड़ों को काटकर हटाने और रास्ता निकालने का प्रयास जारी है लेकिन समाचार भेजे जाने तक गिरे पेड़ों और खंभों को हटाया नहीं जा सका।

# रामपुर खास में राज्यसभा सांसद ने दी विकास से जुड़ी कई सौगातें

## सांसद ने स्वामी करपात्री की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



धर्म सम्राट स्वामी करपात्री को पुष्पांजलि अर्पित करते सांसद प्रमोद तिवारी।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सप्ताह के लगातार पांचवे दिन रामपुर खास के दौरे पर शनिवार को विकास से जुडी कई सौगातें सौपी। भटनी के चुर्री चैराहा स्थित धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अपने दौरे के समापन में प्रमोद तिवारी ने कहा कि रामपुर खास में सघन विद्युतीकरण तथा पेयजल व हाइवे निर्माण की परियोजनाओं को गति प्रदान करते हुए इसे अब केन्द्रीय तथा राज्यस्तरीय ग्रामीण विकास के हर संसाधनो से और मजबूती दिलायेगे।

उन्होने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से रामपुर संग्रामगढ़ के बलियापुर में बाबा की कुटी पर सार्वजनिक चबूतरे के निर्माण कराये जाने के लिए निजी तौर पर आर्थिक पैकेज की मंजूरी की जानकारी दी। इस घोषणा पर ग्रामीणों ने विधायक मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी के प्रति खुशी जताई।

वहीं दौरे मे प्रमोद तिवारी लालगंज के मांदीपुर गांव में विधायक मोना द्वारा स्वीकृत करायी गयी दो करोड अठहत्तर लाख इक्तालिस हजार रुपए की लागत से पेयजल टंकी की भी क्षेत्रवासियों को सौगात दी। उन्होनें बताया कि लगभग चैदह किमी पाइप लाइन की क्षमता से यह पीने के पानी की टंकी शुद्ध पेयजल का मजबूत संसाधन होगी। उन्होने सड़क तथा पेयजल परियोजनाओं में रामपुर खास को अव्वल बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयासों की भी जमकर सराहना की। इस मौके पर भुवनेश्वर शुक्ल, डा. नन्हेंलाल यादव, ओमप्रकाश धुरिया, अशोक सिंह, आशीष तिवारी, दुर्गेश पाण्डेय, आशीष उपाध्याय, रघुनाथ सरोज, लालजी यादव, रवीन्द्र मिश्र, राकेश चतुवेर्दी, ओमप्रकाश यादव आदि रहे।

## लेनदेन को लेकर पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन की पिटाई

### लूट के आरोप को पुलिस ने किया खारिज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पेट्रोल पम्प पर लेनदेन को लेकर हुए विवाद में मैनेजर द्वारा कथित लूट की तहरीर देने पर खाकी मे हडकंप मच गया। मैनेजर द्वारा सेल्समैन के साथ पिटाई तथा लूट के आरोप की तहरीर मिलते ही पुलिस मौके पर जांच मे जुट गयी। जांच के बाद हांलाकि पुलिस का कहना है कि पेट्रोल पम्प को लीज पर लेनदेन के मामले में हुए विवाद में सेल्समैन की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी।

पुलिस के मुताबिक लूट की बात पूरी तरीके से निराधार है। मारपीट के मामले मे पुलिस द्वारा आरोपियो के खिलाफ समुचित कार्रवाई की जा रही है। तहरीर मे हालांकि बिहारी का पुरवा अगई निवासी सोनू तिवारी ने कहा है कि अगई स्थित श्री अमर आटो सेल्स पर वह मैनेजर के पद पर तैनात है। शनिवार को दोपहर सवा बारह बजे पडोसी जिले के रायबरेली के ग्राम बारा थाना डीह के देवेश प्रताप सिंह उर्फ चुन्नू कई लोगों के साथ दो चारपहिया वाहनों से पेट्रोल पम्प पर आ धमके। आरोपियों ने पेट्रोल पम्प पर तैनात सेल्समैन अनिल यादव के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस पर पीडित जब बाहर निकला तो आरोप है कि उस पर तमंचा सटाकर उसे भी मारने पीटने लगे। तहरीर मे आरोप लगाया गया है कि आरोपी पेट्रोल पम्प से एक लाख पचास हजार रुपए लूट ले गये।

## सर्पदंश से मासूम की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के मेढ़ावां नया का पुरवा में शनिवार की भोर सर्पदंश से मासूम की मौत हो गयी। गांव के कल्लू प्रजापति की पुत्री करिश्मा 07 चारपाई पर सो रही थी। अचानक सुबह पौने चार बजे उसे सांप ने डस लिया। मासूम की चीख पर परिजन उठे तो उसे गांव मे ही झाडफूंक के लिए ले गये। हालांकि इस दौरान बच्ची की सांसे थम गयी। मृतका तीन बहनों मे सबसे बडी थी। जबकि उसका पिता रानीगंज कैथौला बाजार में सिलाई का काम करता है।

# सेन्ट फ्रांसिस स्कूल के पास का अतिक्रमण नगर पालिका ने हटाया

## स्कूल के आसपास लगी थी छह अवैध गुमटियां



अवैध गुमटियों को हटाते नगर पालिका कर्मी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बेला ने शनिवार को सेंट फ्रांसिस स्कूल के सामने हुए अतिक्रमण को हटाने के लिये जेसीबी लेकर कर्मचारी पहुंचे थे तो स्कूल के सामने अवैध ढंग से गुमटियां लगाने वालों में हड़कंप मच गया। पहले तो अतिक्रमण करने वाले लोगों ने हीला-हवाली किया, लेकिन नगर पालिका व सिविल लाइन पुलिस की सख्ती के चलते आधा दर्जन गुमटियां हटाई गई।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सेंट फ्रांसिस स्कूल (मदर स्कूल) के प्रधानाचार्य ने स्कूल के आसपास के अतिक्रमण की शिकायत नगर पालिका से की थी, जिस पर अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह ने गंभीरता से लेते हुए अतिक्रमण को तुरंत हटाने का निर्देश जारी किया था जिसके तहत आज अपरान्ह लगभग डेढ़ बजे नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेश बिंद, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सिविल लाइंस पुलिस चौकी की पुलिस के साथ जेसीबी और ट्रैक्टर लेकर स्कूल के आसपास पहुंचे तो गुमटियां धड़ाधड़ बंद होने लगी। इसी बीच वर्षा भी शुरू हो गई जिससे अतिक्रमण अभियान कुछ देर रुका लेकिन वर्षा रुकने पर सभी आधा दर्जन गुमटियां हटा ली गई। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने अपील की है कि लोग सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुई राधा कृष्ण रुप सज्जा प्रतियोगिता

## भैया-बहिनों ने मचाया धमाल



राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चे।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण रुप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भैया-बहिन अपने घर से ही राधा कृष्ण के वेष में सुसज्जित होकर आए। माताओं की कल्पना से चिलबिला नगर गुंजायमान रहा।राधा कृष्ण के रुप में सज्जित भैया-बहिनों का स्वागत शिशु वाटिका प्रमुख विभा शुक्ला, मातृ भारती की नेहा तिवारी व मंजू प्रजापति ने तिलक लगाकर किया। मां शारदे की वंदना के पश्चात राधा कृष्ण की मोहक झांकियां प्रदर्शित की गई। भैया-बहिनों ने जन्माष्टमी के उत्सव के विषय में अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पाण्डेय ने भैया-बहिनों को सम्बोधित करते हुए अपनी संस्कृति में सभी व्रत और त्योहार मनाने को कहा। इस मौके पर राधा के रुप में आनवी, पीहू तिवारी, शालिनी, कृति, लक्ष्मी, ईषिता, हर्षिता, आरती, सृष्टि, नेहा आदि मौजूद रही। सभी के प्रति आभार ज्ञापन बृजेष तिवारी ने किया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बांके बिहारी के जयकारे की गूंज, भक्तों ने चखा प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बाबा घुइसरनाथ धाम समेत मंदिरों मे मध्य रात्रि बांके बिहारी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। शंखध्वनि व घंटियों की घनघनाहट के बीच जैसे ही माधव बिहारी भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य उत्सव शुरू हुआ लोग खुशी से झूम उठे। बाबा घुइसरनाथ धाम में मंदिर के महन्थ मयंक भाल गिरि के संयोजन में कन्हैया का जन्मोत्सव धूमधाम से मना। लालगंज कोतवाली के समीप स्थित हरिहरमंदिरम में भगवान कृष्ण के जन्म की बेला पर आतिशबाजी व गोले दगे। सीओ रामसूरत सोनकर तथा प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने विधिविधान से भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी आरती उतारी। यहां भजन व संकीर्तन से भी कृष्ण जन्मोत्सव की समां बंधी दिखी। नेशनल हाइवे लालगंज प्रतापगढ़ स्थित संकटमोचन धाम में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर भक्तों ने लडडू गोपाल को पालने पर झुलाया। बड़े हनुमान जी मंदिर के समीप प्राचीन शिव मंदिर में भी समाजसेवी डा. अंजनी कौशल के संयोजन में सजाई गई झांकी को देख श्रद्धालु मगन हो उठे। घुइसरनाथ रोड पर राधा मोहन मंदिर में डा. ओमप्रकाश जायसवाल तथा शिव मंदिर में समाजसेवी जीतलाल गुप्ता के संयोजन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। देर रात तक भक्त माधव बिहारी का प्रसाद पंक्तिबद्ध हो ग्रहण करते दिखे। वहीं नगरीय क्षेत्र में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे भी लोग आनन्द उठाते रहे।

## मनाया गया शिक्षविद भगवत प्रसाद शुक्ल की पुण्यतिथि



आइन्सटीन पब्लिक स्कूल में विद्यालय के संस्थापक को पुष्पांजलि अर्पित करते अतिथि।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धधुआ गाजन स्थित आइन्सटीन पब्लिक स्कूल के सभागार में शनिवार को विद्यालय के संस्थापक एवं समाजसेवी पं. भगवत प्रसाद शुक्ल का स्मृति दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक विभवभूषण शुक्ल व डा. सौरभ मिश्र ने बाबूजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। छात्र छात्राओं ने शिक्षाप्रद गीतों की प्रस्तुतियां देकर स्मृति दिवस समारोह में आये अभिवावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि बाबूजी ने ग्रामीण अंचल में उत्कृष्ट शिक्षा के लिए संस्थान की स्थापना कर सामाजिक सरोकार को मजबूती प्रदान की। उन्होनें पं. भगवत प्रसाद शुक्ल के व्यक्तित्व की बहुउददेश्यीता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुए डा. सौरभ मिश्र ने अपने संबोधन में शिक्षा व संस्कार को भारत की सबसे बड़ी ताकत ठहराया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने कार्यक्रम का संयोजन किया। उप प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने स्वागत भाषण तथा योगेन्द्र शुक्ल ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह का संचालन प्रदीप शर्मा ने किया। इस मौके पर नारायण दत्त शुक्ल, विजय मिश्र, रमेशपाल तिवारी, महेन्द्र पाठक, आशुतोष पाण्डेय, अशोक ओझा, सत्यप्रकाश विद्यार्थी, गरिमा मिश्रा, देवेन्द्र मिश्र आदि रहे।

## एंबुलेंस में बच्चे ने दिया जन्म

**परियावां, प्रतापगढ़।** सीएचसी केंद्र कालाकांकर के अंतर्गत करमगंज गांव में अनीता देवी पत्नी उज्वल कुमार (26) वर्षीय को अचानक असहनीय प्रसव पीड़ा शुरू होने पर गाव की आशा सुनीता देवी ने सुबह लगभग 7 बजे 102 एम्बुलेंस को फोन किया मौके पर पहुची एम्बुलेंस यूपी 41 जी 2166 करमगंज गांव पहुंची और अनीता देवी को लेकर ए एन एम सेंटर मानिकपुर के लिए रवाना हुई रास्ते में अनीता देवी को प्रसव पीड़ा असहनीय हुई तो इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन दिनेश कुमार ने पायलट सुशील कुमार मिश्रा की मदद से एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया प्रसव कराने के बाद मानिकपुर ए एन एम सेंटर में भर्ती कराया गया ।

## मुंबई की टीम ने जीती मटकी फोड़ प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भंगवा गांव में बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के निशुल्क स्टडी सेंटर पर पहली बार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुंबई के मटकी फोड़ कलाकार आर्यन की टीम ने प्रतियोगिता जीती। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गोपियों ने धमाल मचाया। ढोलक की थाप पर महिलाओं ने सोहर गीत गाए। राधा कृष्ण बने नन्हें मुन्नों की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षक का केन्द्र रही। रागिनी और साहिबा की कृष्ण और राधा की जोड़ी ने हो जायेगी देर घर जाने के कन्हाई पर नृत्य में जमकर धमाल मचाया। वहीं नन्हीं ओबी, आराध्या और सलोनी की जोड़ी ने बावन गज का दामन पर जोरदार ठुमका लगाया। छात्रा दामिनी और निहारिका के डांडिया नृत्य ने तालियां बटोरी। मुंबई में मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आर्यन सरोज भी अपना हुनर दिखाने पहुंचे थे। उनकी टीम ने मटकी प्रतियोगी में लिया और जीत गए। टीम में साहिल, मोहन, रोहित, गोलू, शुभम, हिमांशु, दीपू, अंश और दूसरी टीम में निखिल, राजेश, नितेश, मनोज, शिवम, जय प्रकाश शामिल थे। कृष्ण जन्म के मौके पर ग्रामीण महिलाओं ने सोहर और मंगल गीत गाए। आरती और प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्टडी सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया।

## खबर संक्षेप

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को सात वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट के मुकदमा के अभियुक्त राज कुमार पासी पुत्र कुल्लन निवासी गौशाला भरवारी करारी रोड थाना कोखराज को न्यायालय एडीजे 09 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 07 वर्ष कारावास तथा 17000/- रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया

### शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुलाबचन्द्र पुत्र हीरामन निवासी निजामपुर हड़िया थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# समाधान दिवसस : डीएम एवं एसपी ने तहसील चायल में सुनी जनशिकायतें

## आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाए निस्तारित

अखंड भारत संदेश



जनसुनवाई करते डीएम एसपी व अन्य

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने तहसील चायल में आम-जन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दियें उन्होंनें राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकताओं के आधार पर निस्तारित किया जाय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया समाधान दिवस में शिकायतकर्ता राजेश सिंह निवासी ग्राम-रमदयालपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि दबंग व्यक्तियों द्वारा उनकी भूमिधरी पर जबरन कब्जा कर लिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये इसी प्रकार शिकायतकर्ता छेदी लाल निवासी ग्राम-डहिया द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि प्रार्थी की भूमिधरी पर 02 पेड़ महुआ तथा 02 पेड़ बबूल का है जिसे ग्राम प्रधान कटवाकर पानी की टंकी का निर्माण करवाना चाहता हैं, जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है प्रार्थिनी रेहाना, पत्नी संतोष निवासी ग्राम-बिरौली द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि प्रार्थिनी के पास कच्चा मकान था जो बारिस में गिर गया है प्रार्थिनी को आवास की आवश्यकता है, जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें हैं। इसी प्रकार गुड्डू, अखिलेश कुमार, मुकेश, प्रदीप कुमार एवं रामबाबू आदि प्रार्थीगणों द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि चायल खास की सरकारी भूमि पर दबंगो द्वारा अवैध कब्जा करके प्लॉटिंग का कार्य किया जा रहा है जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चायल को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं उप जिलाधिकारी चायल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कृष्ण जन्माष्टमी की रही धूम,बाल गोपाल बने बच्चों ने मन मोहा



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** जन्माष्टमी के पावन पर जिले में हर तरफ धूम मची थी मंदिरों विद्यालयों शैक्षिक संस्थानों यहाँ तक की घरों में भी इसकी भव्यता और अनोखी छटा देखते बन रही थी ऐसा लग रहा है मानो हर जगह सिर्फ राधा और कृष्ण ही विद्यमान हैं इस जन्माष्टमी पर्व को लोगों ने भव्य तरीके से मनाया है बाल गोपाल बने बच्चे लोगो का मन मोह रहे थे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर बच्चों को राधा और कृष्ण के रूप में सजाया गया था तमाम घरों में अपने अपने चहेते बच्चों को कृष्ण के रूप में सजाकर लोग मंत्रमुग्ध हो रहे थे बच्चों के मनोहारी रूप को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो रहे थे बांसुरी मयूर पंख के साथ रंग बिरंगे परिधानों के साथ बच्चों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था।

# गंदगी व बदलते मौसम से मच्छरों का बढ़ा प्रकोप,नहीं हो रही फॉगिंग, न दवाओं का हो रहा छिड़काव

अखंड भारत संदेश



गन्दगी का दृश्य

**अझुवा कौशाम्बी।** गंदगी व बदलते मौसम की वजह से नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र में इन दिनों मच्छरों की भरमार हो रही है हालात यह है कि शाम होते ही लोग घरों के खिड़की दरवाजे बंद करने पर मजबूर हैं ताकि मच्छरों से बचाव हो सके लोग मच्छरों से बचने के लिए अनेक प्रकार के उपाय कर रहे हैं वही नगर पंचायत के जिम्मेदार कान में उंगली लगाकर चैन की बंशी बजाकर सो रहे हैं नगर पंचायत में फागिंग मशीन और नालियों में एंटी लारवा का छिड़काव कब हुआ इसकी जानकारी देने वाला कोई मौजूद नहीं नगर पंचायत में इस समय खाऊ कमाऊ नीति का पालन किया जा रहा है जिम्मेदार सरकारी धन का बंदरबांट करने में लगे हुए हैं नगर वासियों के आरोप पर जाएं तो नगर वासियों के हित में एक भी कार्य नहीं किए जा रहे हैं नगर पंचायत प्रशासन के पास मच्छरों को भगाने के लिए फॉगिंग मशीन एंटी लारवा डालने के लिए तमाम तरह के उपकरण मौजूद है किंतु इसके बावजूद कई महीनों से न तो फागिंग की गई न ही एंटी लारवा का छिड़काव कब किया गया किसी को याद भी नहीं होगा कस्बे में मच्छरों का प्रकोप पूरी तरह हावी है तमाम लोग मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारी का शिकार हो रहे हैं लोग अपने घरों में मॉस्किटो क्वायल अगरबत्ती जलाने पर मजबूर है जिनका मच्छरों पर कोई असर नहीं हो रहा है तमाम मोहल्लों में साफ-सफाई चौबंद दिखाई दे रही है किंतु नालियों का कचरा सिल्ट ना निकाले जाने की वजह से गंदा सड़ांध पानी भरा हुआ है गंदा सड़ांध पानी निकालने की व्यवस्था ना होने की वजह से मच्छरों का जबरदस्त प्रकोप जारी है इन्हीं गंदे पानी भरे नालियों से मच्छर पनप रहे हैं जिसकी शिकायत कई बार नगर पंचायत के जिम्मेदारों से लोगों ने किया है किंतु नगर पंचायत के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसका नगर वासियों में आक्रोश पनप रहा है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान मे साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना सराय अकिल से एक थाना सैनी से एक थाना कड़ाधाम से तीन कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 162 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# चालक को झपकी आने से पेड़ से टकराया गिट्टी लदा डम्फर

अखंड भारत संदेश



सड़क हादसे में दबे लोगो को बाहर निकालते

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव के समीप तेज रफ्तार गिट्टी लदा डम्फर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया है हादसे में डम्फर क्षतिग्रस्त हो गया है और डंपर के अंदर चालक खलासी फंस गए सूचना पाने के बाद घटनास्थल पर कड़ाधाम पुलिस पहुंची और जेसीबी वा कटर मशीन से डंपर को काटकर चालक खलासी को बाहर निकाला है और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है क्षतिग्रस्त डम्फर के अंदर डेढ़ घन्टे तक घायल ड्राइवर व खलासी फसे रहे हादसे में घायल चालक खलासी अपना नाम पता नहीं बता पा रहे हैं पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घटनाक्रम के मुताबिक शनिवार की सुबह कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर के पास एक डंपर चालक को नींद आ गई जिससे डंपर पेड़ से टकरा गया है तेज आवाज सुनकर घटनास्थल पर ग्रामीण पहुंचे और डंपर टकराने की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी थानाध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य की टीम व पब्लिक ने डेढ़ घंटे की कड़ी मेहनत के बाद गैस कटर से काटकर डम्फर में फंसे हुए घायल ड्राइवर व खलासी को डम्फर से बाहर निकाला कड़ा पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इस्माइलपुर भेजा जहां दोनों की हालत गंभीर बनी होने पर चिकित्सकों ने अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में लगी आग जरूरी कागजात हुए खाक



सड़क पर मौजूद लोग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद क्षेत्र के मोहम्मदपुर शाखा बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच में संदिग्ध परिस्थिति में लगी आग अंदर से धुंवा बाहर निकल रहा था तभी ग्रामीणों ने आनन फानन में दमकल को सूचना दी सूचना पाते ही दमकल कर्मियों ने आस पास के ही नौजवान की मदद से आग को बुझाया गया। बैंक परिसर में जरूरी कागजात के साथ साथ कम्प्यूटर प्रिंटर आदि उपकरण हुए जलकर राख। आग लगने पर मौजूद साथी कुलदीप ,ईश्वर पटेल ,पिंटू केशरवानी बैंक सदस्य महेंद्र सोनकर की सूझ बूझ और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। थाना प्रभारी श्रवण कुमार सिंह और चायल चौकी इंचार्ज राकेश कुमार मई फोर्स सहित मौके पर जानकारी होते ही पहुंचे फिर फायर ब्रिगेड को जानकारी दी गई तब मौके पर दमकल भी पहुंच कर बैंक के अंदर पानी डालकर आग पर काबू पाया गया।

# मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न



गन्दगी का दृश्य

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं ईआरओ एईआरओ के साथ बैठक की गयी बैठक में जिलाधिकारी ने 1500 मतदाताओं की संख्या के आधार पर तथा 02 किमी दूरी के अन्दर मतदेय स्थलों के सम्भाजन एकत्रीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु ईआरओ एईआरओ को निर्देश दिये साथ ही उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से उनके सुझाव प्रस्ताव 22 अगस्त 2022 तक सम्बन्धित तहसील में ईआरओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, सभी उप जिलाधिकारीगण, सभी तहसीलदारगण एवं सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगणों सहित अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित रहे।

### आगनबाड़ी केंद्र के पास भरा रहता है गंदा पानी

**कौशाम्बी।** चायल तहसील अंतर्गत फरीदपुर सुलेम में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र का जिले के अधिकारियो द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे एक भी बच्चा उपस्थित नहीं ग्राम पंचायत फरीदपुर सुलेम में तीन आंगनवाड़ी केन्द्र बने हुए हैं। आंगनवाड़ी केंद्र फरीदपुर सुलेम द्वितीय के द्वार पर गंदा बदबूदार पानी भरा रहता है, जिससे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे खतरनाक बीमारी फैल सकती है। इस नाले में बच्चो का गिरने का दर आए दिन बना रहता है बता दें कि कुछ महीने पहले भी अधिकारियो द्वारा तीनों आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण हुआ। दो आंगनवाड़ी केन्द्र फरीदपुर सुलेम प्रथम और द्वितीय बंद होने की स्थिति देखकर प्रधान और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को फटकार लगाई और दो महीने से ज्यादा हो गए लेकिन अभी तक वैसे ही गंदगी फैली हुई है। ग्रामीणों का आरोप है, कि आंगनवाड़ी केन्द्र कभी कभी कभी खुलता है।

## न्यूज झरोखा

### अखंड भारत की संकल्पना हर राष्ट्रवादी विचारक का मूल ध्येय : संतोष

#### करारी कस्बे में आयोजित की गई अखंड भारत संकल्प बैठक

**कौशाम्बी।** हिंदू जागरण मंच के तत्वाधान में शनिवार को अखंड भारत की संकल्पना दिवस बैठक का आयोजन करारी कस्बा स्थित आनंद विहार गेस्ट हाउस में किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक के संतोष ने बैठक को संबोधित किया। वहीं विशिष्ट वक्ता के रूप में जिला प्रचारक प्रमोद व हिंदू जागरण मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राकेश पांडे ने बैठक को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने किया बैठक को संबोधित करते हुए के संतोष ने कहा कि अखंड भारत की संकल्पना हर राष्ट्रवादी विचारक की मूल विचार संरचना है। यह विचार है, जो राष्ट्र वादियों के जीवन का ध्येय है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अखंड भारत को सदियों से धीरे धीरे एक कट्टरपंथ विचार ने तोड़ा है। अखंड भारत के लिए जरूरी है कि हम राष्ट्रवादी विचारधारा भारत माता के प्रति समर्पित हैं। देश के हर नागरिक को इस विषय में जागरूक करें कि वह होकर समर्पित होकर राष्ट्र के लिए चिंतन करें। जिस दिन हमारे चिंतन में राष्ट्र का उसी दिन अखंड भारत की संकल्पना संभव है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने कहा कि गांव.गांव में अखंड भारत अभियान चलाया जाएगा को राष्ट्रवाद की विचारधारा से लेकर अखंड भारत की स्थापना के संकल्पों को पूरा किया जा सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से चक्रेश मिश्रा, डॉ कमल कुशवाहा, नरेंद्र पटेल, श्याम सुन्दर केशरवानी, यदुनंदन सिंह, अंगद कुशवाहाए सुरेंद्र मिश्राए यशवंत सिंहए प्रशांत मौर्यए मोनू यादवए रजत धर्मेंद्र सहित सैकड़ों में संगठन के लोग मौजूद रहे।

### छात्र संघ ने राष्ट्रपति को भेजा संबोधित ज्ञापन

**कौशाम्बी।** पिछले दिनों राजस्थान के जालौर जिला के सुराणा गांव में नौ वर्षिय इंद्र मेघवाल नामक अनुसूचित जाति के छात्र की शिक्षक द्वारा बेरहमी से पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पीड़ित परिवार को न्याय मिले और आरोपी को कड़ी सजा। इसके लिए शनिवार को छात्र संघ कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी सुजीत कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा भारत में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ और यह संविधान लागू करवाने के पीछे संविधान बनाने वाले लोगो का मुख्य ध्येय यही था कि भारत देश में हो रहे जातिगत भेदभावो को खत्म किया जाय और देश में समता स्थापित की जाय। जब संविधान देश को अर्पित 6किया गया तब संविधान निमार्ता डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के द्वारा अपने भाषण में एक बात कही गई थी कि देश के लोगो को हमने संविधान तो दे दिया मगर यह संविधान कितना कारगर होगा यह देश को चलाने वाले लोगो पर निर्भर होगा आज भारत देश का संविधान जातिगत भेदभाव को नकारता है, एवं देश का संविधान जब जातिविहीन समाज और वर्गविहीन समाज की संकल्पना रखता है बावजूद आज वास्तविक धरातल पर देश में अभी भी जातिगत भेदभाव बड़े पैमाने पर किया जाता है। हर एक मिनट मेपर देश में किसी न किसी जगह पर जातिगत भेदभाव की घटना को अंजाम दिया जाता है। भेजे गए ज्ञापन में मांग किया गया कि जालौर छात्र हत्या कांड केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में हर रोज की सुनवाई चलाकर जल्द से जल्द आरोपी छैल सिंह को फाँसी की सजा दी जाय।

### देश के लिए राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : तमजीद

**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी ने राजीव गांधी कि जयंती पर श्रद्धांजलि सभा और एक संगोष्ठी का आयोजन टेढ़ी मोड़ स्थित एचएच, कॉन्वेंट एंड कालेज में किया। इस दौरान जिला अल्प संख्यक अध्यक्ष तमजीद अहमद ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी देश कि संचार क्रांति के जनक और देश में पंचायती राज के गठन के निमार्ता रहे हैं, उनकी असामयिक निधन से देश में एक सूनापन हो गया जिसका नुकसान देश ने उठाया। जिला मीडिया प्रभारी और कालेज के प्रबंधक मो आवेश ने कहा कि राजीव गांधी देश के महानायक रहे हैं और उन्होंने देश के लिए अमूल्य योगदान दिया है। उनकी सोच का ही नतीजा है कि हर घर में आज संचार कि क्रांति आ गई है। इस मौके पे मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता मो शाहिद सिद्दीकी,जितेंद्र सिंह, वाइस चेयरमैन सरवरे आलम, भारत गौतम, रूबी देवी, सूरज प्रजापति सहित काफी संख्यक में बच्चे मौजूद रहे।

### तमंचा व कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बत पुर पइसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गुलाब मुस्तफा पुत्र पप्पू उर्फ छिदू निवासी कटिया थाना ककेरु जनपद फतेहपुर को एक अदद नाजायज तमचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व नियाज पुत्र रियाज निवासी कोरीपुर थाना मोहब्बतपुर पइसा को एक अदद नाजायज तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### आलमचन्द से रस्सी काट कर दो बकरी ले गए चोर

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में इन दिनों बकरी चोर सक्रिय हैं और मौका मिलते ही चोर बकरियां उठा ले जाते हैं मामले की जानकारी होने पर गृह स्वामी हाथ पैर पटक कर रह जाते हैं बकरी चोरी की घटनाएं भी पुलिस नहीं दर्ज कर रही है जिससे बकरी चोर के हौसले बुलंद हैं बीती रात से एक घर से दो बकरी को चोर उठा ले जाने में फिर कामयाब हो गए हैं। कोखराज थाना अंतर्गत हर्रायपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के आलमचन्द गांव के रहने वाली अमातून के घर के बाहर दो बकरियां बंधी थी बीती रात रस्सी काट कर चोर दोनों बकरियों को उठा ले गए हैं बकरी चोरी चले जाने की जानकारी मिलने के बाद परिजन परेशान हो उठे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### चोरी के सामान के साथ दो वांछित किये गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर कबाड़ी की दुकान गुलामीपुर से दो वांछित अभियुक्तों अमित कुमार पाण्डेय पुत्र अजय प्रकाश पाण्डेय रन्जीत पासी पुत्र रामसिंह निवासीगण ग्राम चतुरीपुर मजरा सयारा मीठेपुर थाना सैनी को एक नफर बाल अपचारी को चोरी के एक अदद पानी वाला मोटर पंखा के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

# आज नहीं कल मनेगा खुशहाल परिवार दिवस

अखंड भारत संदेश

**कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) भी करेंगे दम्पति काउंसलिंग, मिलेंगी परिवार नियोजन की सेवाए**




**कौशाम्बी।** परिवार नियोजन की सुविधाओं को निरंतर लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से हर माह की 21 तारीख को स्वास्थ्य केंद्रों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जाता हैं जिसे इस बार जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनस सेंटर पर भी मनाया जायेगा` इस दिवस पर लक्षित दम्पति को परिवार नियोजन के बारे में सेवाएं और परामर्श की सुविधा दी जाएंगी` इस दौरान नव विवाहित दंपति तथा तीन या तीन से अधिक बच्चों वाले दम्पति की काउंसिलिंग की जाएगी` साथ ही खुशहाल परिवार के टिप्स दिए जाएंगे। इसकी जानकारी सीएमओ डॉ. सुष्पेंद्र कुमार ने दी।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि खुशहाल परिवार दिवस के मौके पर सेंटर पर आने वाले दम्पति को परिवार नियोजन के फायदे बताए जाएंगे। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) भी नव विवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों, बास्केट आफ च्वाइस पर काउंसिलिंग करेंगे` साथ ही उनकी काउंसिलिंग करते हुए सामान्य जाँच जैसे बीपी, खून, वजन तथा गर्भावस्था की जांच की जाएगी` यदि कोई गर्भवती मिलेगी तो उसका एएनसी में पंजीकरण करते हुए आगे को सेवाएं दी जाएंगी` उन्हें पौष्टिक आहार के बारे में भी बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे दंपति जिनके तीन या तीन से अधिक बच्चे हैं उन्हें आशा कार्यकर्ता प्रेरित कर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर लाएगी` इन दम्पति की काउंसलिंग कर सीएचओ उन्हें परिवार नियोजन के स्थायी साधन (नसबंदी) के लिए प्रेरित करेंगी` तथा राजी होने पर उन्हें सीएचसी पर रेफर कर दिया जायेगा। इस बार 22 को होगा आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला परिवार नियोजन एवं सामग्री प्रबंधक देव प्रकाश यादव ने बताया कि अगस्त माह की 21 तारीख को रविवार होने के कारण इस बार खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन सोमवार 22 अगस्त को होगा। यह आयोजन जिला महिला चिकित्सालय सहित सभी सीएचसी, पीएचसी, शहरी पीएचसी और सभी हेल्थ एंड वेलनस सेंटर पर होगा। उन्होंने बताया कि हेल्थ एंड वेलनस सेंटर पर खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन से लक्षित दंपति को अब परिवार नियोजन की सेवाओं को पाने के लिए दूर के स्वास्थ्य केंद्रों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

## संपादकीय

# कश्मीर को अछूत क्यों बना रहे हैं?

जम्मू-कश्मीर को लेकर अब एक और नया विवाद छिड़ गया है। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर में रहनेवाले अन्य प्रांतों के नागरिकों को अब वोट डालने का अधिकार मिलने वाला है। जम्मू-कश्मीर की लगभग सभी पार्टियां इस नई पहल पर परेशान दिखाई पड़ रही हैं। पहले तो वे अनुच्छेद 370 और 35 ए को ही हटाने का विरोध कर रही थीं। अब उन्हें लग रहा है कि उनके सिर पर एक नया पहाड़ टूट पड़ा है। उनका मानना है कि केंद्र सरकार के इशारे पर किया जा रहा यह कार्य अगला चुनाव जीतने का भाजपाई पैतरा भर है लेकिन इससे जम्मू-कश्मीर का असली चरित्र नष्ट हो जाएगा। सारे भारत की जनता कश्मीर पर टूट पड़ेगी और कश्मीरी मुसलमान अपने ही प्रांत में अल्पसंख्यक बन जाएंगे। इस वक्त जम्मू-कश्मीर में स्थानीय मतदाताओं की संख्या लगभग 76 लाख है। यदि उसमें 25 लाख नए मतदाता जुड़ गए तो उन बाहरी लोगों का थोक वोट भाजपा को मिलेगा।

जम्मू के भी ज्यादातर वोटर भाजपा का ही साथ देंगे। ऐसे में कश्मीर की परंपरागत प्रभावशाली पार्टियां हमेशा के लिए हाशिए में चली जाएंगी। पहले ही निर्वाचन क्षेत्रों के फेरबदल के कारण घाटी की सीटें कम हो गई हैं। इसी का विरोध करने के लिए नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारुक अब्दुल्ला ने भाजपा को छोड़कर सभी दलों की एक बैठक भी बुलाई है। पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती भी काफी गुस्से में नजर आ रही हैं। इन कश्मीरी नेताओं का गुस्सा बिल्कुल स्वाभाविक है, क्योंकि नेता लोग राजनीति में आते ही इसीलिए हैं कि उन्हें येन-केन-प्रकारेण सत्ता-सुख भोगना होता है।

केंद्र सरकार इधर जो भी सुधार वहां कर रही है, वह इन नेताओं को बिगाड़ के अलावा कुछ नहीं लगता। ऐसे में इन कश्मीरी नेताओं से मेरा निवेदन है कि वे अपनी दृष्टि जरा व्यापक क्यों नहीं करते हैं? यदि कश्मीरी नेता देश के गृहमंत्री, राज्यपाल, सांसद, राजदूत और केंद्र सरकार के पूर्ण सचिव बन सकते हैं तथा कश्मीरी नागरिक देश में कहीं भी चुनाव लड़ सकते हैं और वोट डाल सकते हैं तो यही अधिकार गैर कश्मीरी नागरिकों को कश्मीर में दिए जाने का विरोध क्यों होना चाहिए? देश के जैसे अन्य प्रांत, वैसा ही कश्मीर भी। वह कुछ कम और कुछ ज्यादा क्यों रहे? यदि कश्मीरी लोग देश के किसी भी हिस्से में जमीन खरीद सकते हैं तो देश के कोई भी नागरिक कश्मीर में जमीन क्यों नहीं खरीद सकते? हमारे कश्मीरी नेता कश्मीर जैसे सुंदर और शानदार प्रांत को अन्य भारतीयों के लिए अछूत बनाकर क्यों रखना चाहते हैं? मैं तो वह दिन देखने को तरस रहा हूं कि जबकि कोई पक्का कश्मीरी मुसलमान भारत का राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बन जाए।

**(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं)**

# भाजपा की नई रणनीति

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भाजपा ने पहले राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति नियुक्त किए। और अब उसने अपने संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति का पुनर्गठन कर दिया। इन दोनों निर्णयों में नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा ने बहुत ही व्यावहारिक और दूरदर्शितापूर्ण कदम उठाया है। इन चारों मामलों में सत्तारूढ़ नेताओं का एक ही लक्ष्य रहा है- 2024 का अगला चुनाव कैसे जीतना? इस लक्ष्य की विरोधी दल आलोचना क्या, निंदा तक करेंगे। वे ऐसा क्यों नहीं करें? उनके लिए तो यह जीवन-मरण की चुनौती है? उनका लक्ष्य भी यही होता है लेकिन इस मामले में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा की चतुराई देखने लायक है। उसने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर देश के आदिवासियों को भाजपा से सीधा जोड़ लेने की कोशिश की है और भारत की महिला मतदाताओं को भी आकर्षित किया है।

उप राष्ट्रपति के तौर पर जगदीप धनखड़ को चुनकर उसने देश के किसान और प्रभावशाली जाट समुदाय को अपने पक्ष में प्रभावित किया है। अब संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति के चुनाव में भी उसकी यही रणनीति रही है।

इन संस्थाओं में से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के नाम हटाने पर काफी ऊहा-पोह मची हुई है। सड़क मंत्री के तौर पर गडकरी की उपलब्धियां बेजोड़ हैं। जिन नए नामों को इन समितियों में जोड़ा गया है, उनमें भूपेंद्र यादव, ओम माथुर, सुधा यादव, बनथी श्रीनिवास, येदुयुरप्पा, सरकार इकबाल सिंह, सवार्नंद सोनोवाल, के. लक्ष्मण, बी.एल. संतोष आदि हैं। ये लोग विभिन्न प्रांतों और जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये सब भाजपा की चुनावी शक्ति को सुदृढ़ करने में मददगार साबित होंगे। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं माना जाना चाहिए कि ये नेता जिन वर्गों या जातियों से आते हैं, उनका कोई विशेष लाभ होने वाला है। लाभ हो जाए तो उसे शुभ संयोग माना जा सकता है। जिन नेताओं के नाम हटे हैं, उन्हें मार्गदर्शक मंडल के हवाले किया जा सकता है, जैसे 2014 में अटलजी, आडवाणीजी और जोशीजी को किया गया था। वे नेता तो 8 साल से मार्ग का दर्शन भर कर रहे हैं। नए मार्गदर्शक नेता शायद मार्गदर्शन कराने की कोशिश करेंगे।

**(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं)**

# रुश्दी पर हमला: किताब का जवाब किताब से दिया जाए

**आर.के. सिन्हा**

अगर आप कभी हिमाचल प्रदेश के बेहद खूबसूरत शहर सोलन घूमने के लिये जायें तो आपको वहां कोई स्थानीय शख्स बता ही देगा कि यहां पर मशहूर लेखक सलमान रुश्दी का भी बंगला है। इसे उनके पिता अनीस अहमद ने बनवाया था। उसे लेने के लिये 'द सेटेनिक वर्सेज' और 'मिडनाइट चिल्ड्रन' जैसी बहुचर्चित कृतियों के लेखक सलमान रुश्दी ने कानूनी जंग लड़ी थी और अंत में विजयी भी रहे थे। सलमान रुश्दी को हम मोटा-मोटी एक प्रख्यात लेखक के तौर पर ही जानते हैं। वैसे वे भारतीय मूल के लेखक हैं जो इंग्लैंड-अमेरिका में रहते हैं। उनके पिता दिल्ली वाले थे और रुश्दी का जन्म मुंबई में हुआ था। इसलिए उन पर हाल ही में न्यूयार्क में हुए जानलेवा हमले को किसी भी सच्चे भारतीय द्वारा नजरअंदाज करना मुश्किल है। अफसोस तो यह है कि हमारे यहां हमले को लेकर न तो सेक्युलर ब्रिगेड ने कोई तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और न ही मुस्लिम समाज ने। हालांकि हमलावर को गिरफ्तार किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि द सेटेनिक वर्सेज किताब को लेकर कुछ इस्लामिक कट्टरपंथी लंबे समय से रुश्दी को मारने के फिराक में थे। लंबे समय तक वह ब्रिटेन में अंडरग्राउंड रहे। अब वह साहित्यिक कार्यक्रमों में जाने लगे थे, मगर कट्टरपंथियों को यह नहीं पसंद आया। इसीलिए तो कट्टरपंथियों को इंसानियत का दुश्मन कहा जाता है।



किसी लेखक से सहमति-असहमति अपनी जगह है। लेकिन, उस पर हमला करना कायरता का सबसे घटिया प्रदर्शन है। कट्टरपंथ हर धर्म का दुश्मन है और ऐसी कायरता का प्रेरक बनता है। सलमान रुश्दी का हमलावर पेशेवर गुंडे से कम नहीं हैं। दुनिया मध्यकाल से आगे बढ़ चुकी है और हर धर्म को अपने भीतर आलोचना सहने की ताकत तो विकसित करनी ही होगी। सलमान रुश्दी पर हमले ने एक बार फिर द सेटेनिक वर्सेज के बारे में दुनिया की दिलचस्पी जगा दी है। भारत में यह किताब प्रतिबंधित है। इसलिए अमेजोन जैसी ऑनलाइन शॉपिंग साइटों पर भी यह नहीं मिलती। लेकिन कुछ साइटों पर इसका पीडीएफ संस्करण उपलब्ध है। जिस व्यक्ति ने सलमान रुश्दी पर हमला किया है, वह खुद को बड़ा हीरो और अल्लाह और इस्लाम का बड़ा सेवक समझ रहा होगा। सोच रहा होगा, मरने पर उसे जन्नत मिलेगी। लेकिन हकीकत यह है कि ऐसा करके वह द सेटेनिक वर्सेज को और ज्यादा लोकप्रिय बना रहा है और नई पीढ़ी के लोगों तक पहुंचा रहा है और अपने धर्म के बारे में नकारात्मक राय फैला रहा है। ऐसे जाहिलों की बबार्दी में ही सभी धर्मों के नागरिकों और दुनिया का भला है।

सलमान रुश्दी आज के दिन ब्रिटिश नागरिक हैं। जब वहां इनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए तो ब्रिटिश समाज ने ये कहकर इन लोगो की निंदा की और कहा कि आप यहां हमारी मिलों- कारखानों में काम करने आते है, तो काम कीजिए। आपका कोई मतलब नहीं हमारे कानूनों के बारे में उंगलियां उठाने का, न हमारे खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का। ये देश हमारा है यहां हमारे कानून चलेंगे। पश्चिम आज भी अपनी उसी पॉलिसी पर खड़ा है। अभिव्यक्ति के मामले में वो कभी पाबंदी नहीं लगाता। भारत, पाकिस्तान या खाड़ी के देश इनसे अलग हैं। खासकर भारत और पाकिस्तान के मुसलमान ही सबसे ज्यादा इस्लाम का झंडा उठाते हैं। यहां भी और बाहर के मुल्कों में भी। देखिए मुसलमानों को हर देश के कल्चर को समझना होगा। आप हर जगह अपनी मनमानी नहीं कर सकते। किताब का जवाब किताब ही होना चाहिए। बंदूक की गोली या चाकू की धार से नहीं।

> सलमान रुश्दी आज के दिन ब्रिटिश नागरिक हैं। जब वहां इनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए तो ब्रिटिश समाज ने ये कहकर इन लोगो की निंदा की और कहा कि आप यहां हमारी मिलों- कारखानों में काम करने आते है, तो काम कीजिए। आपका कोई मतलब नहीं हमारे कानूनों के बारे में उंगलियां उठाने का, न हमारे खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का।

सलमान रुश्दी ने एक बार सही कहा था कि 'इस्लाम का हिंसक रूप भी इस्लाम ही है जो पिछले वर्षों के दौरान बहुत ही ताकतवर बनकर उभरा है।' रुश्दी अपनी बेबाक राय के लिए हमेशा से ही कट्टरपंथियों के निशाने पर रहे हैं और उनके उपन्यास से नाराज ईरान ने उनके सिर कलम करने का फतवा तक जारी कर दिया था। अगर रुश्दी की राय से इतर बात हो तो माना जा सकता है कि आतंकवाद और इस्लाम का कोई संबंध हो ही नहीं सकता। जो मुसलमान इस्लाम का नाम लेकर कभी और कहीं भी आतंकवादी घटना में लिप्त होते हैं, दरअसल वे मुसलमान नहीं हैं। उनका इस्लाम से हरगिज कोई संबंध नहीं हो सकता। पर यह भी सच है कि पेशावर में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों का कत्लेआम करने वाले अपने को मुसलमान ही बता रहे थे। मुंबई में साल 2008 में पाकिस्तान से आए आतंकियों की अंधाधुंध गोलियों से देश दहल गया था। कितने ही निर्दोष लोग मार डाले गये थे। उस कत्लेआम को अंजाम भी तो मुसलमानों ने ही दिया था। केन्या के वेस्टगेट मॉल में साल 2014 में बीसियों लोगों को मारने वाले अल-शबाब के आतंकवादी भी मुसलमान ही थे। हालांकि, यह सुनने में बहुत ही अच्छा लगता है कि किसी भी आतंकी वारदात में शामिल होने वाला शख्स सिर्फ इंसानियत का दुश्मन है।

भारत में तो सलमान रुश्दी पर हमले की हर इंसान को निंदा करनी चाहिये। वे भले ही सारी दुनिया में मशहूर हों, पर वे अपने को भारत से जोड़कर ही देखते हैं। सलमान रुश्दी पिछले कई बरसों से अपने परिवार के दिल्ली के घर को लेने की कोशिश कर रहे हैं। उनके पिता का राजधानी के फ्लैग स्टाफ रोड पर बंगला है। सलमान रुश्दी के पिता अनीस अहमद दिल्ली के मशहूर वकील थे। उन्होंने सन 1946 फ्लैग स्टाफ रोड का बंगला खरीदा था। कहते हैं अनीस अहमद 1960 के दशक में लंदन चले गए। वे देश के बंटवारे के समय भी पाकिस्तान नहीं गए थे। लंदन से कभी-कभार ही दिल्ली आते। वे 1970 में दिल्ली आए। तब उन्होंने अपना बंगला स्वाधीनता सेनानी और कारोबारी भीखूराम जैन को रेंट पर दे दिया।

भीखू राम जैन ने 4 फ्लैग स्टाफ रोड के बंगले को तुरंत किराए पर ले लिया। इस डील के चंद दिनों बाद अनीस अहमद फिर से भीखूराम जैन से मिले। उन्होंने जैन से अपने बंगले को खरीदने की पेशकश की। 1980 में चांदनी चौक से लोकसभा के लिए चुने गए भीखूराम जैन अनीस अहमद के बंगले को खरीदने के लिए राजी हो गए। तय हुआ कि वे 3.75 लाख रुपये में बंगला खरीद लेंगें। उन्होंने 50 हजार रुपया बयाना अनीस अहमद को दे दिया। शेष रकम 15 महीने में दी जानी थी। अनीस अहमद बयाना लेकर एक बार जो लंदन गए तो वे फिर कभी नहीं लौटे। वहां उनकी 1984 में मृत्यु हो गई। भीखूराम जैन बताते थे कि उन्होंने अनीस अहमद को बार-बार भारत बुलाया ताकि डील को अंतिम रूप दिया जा सके। पर वे नहीं आए। ताजा स्थिति यह है कि 4 फ्लैग स्टाफ रोड के बंगले के स्वामित्व को लेकर विवाद जारी है। अब भीखूराम जैन तथा अनीस अहमद गुजरे हुए भी एक जमाना हो गया। बहरहाल, 4 फ्लैग स्टाफ रोड बंगले के मालिकाना हक के लिए आधी सदी से केस चल रहा है। जैन साहब के बाद उनके पुत्र नरेन केस को लड़ रहे हैं। वे सलमान रुश्दी पर हुए हमले से आहत हैं। बहरहाल, इतना तो तय है कि सलमान रुश्दी भारत को चाहते हैं। इसीलिये वे यहां की अपनी अचल संपत्तियों को वापस लेने की कोशिश कर रहे हैं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# गोवा जैसा ही बनें सब पर्यटन स्थल

**आर.के. सिन्हा**

इस साल 15 अगस्त को जब देश के अधिकतर राज्यों के स्कूल बंद थे, उस दिन गोवा की सड़कों पर स्कूली बच्चे सुबह 11 बजे के बाद अपने स्कूल में आयोजित स्वाधीनता दिवस समारोह में भाग लेकर निकल रहे थे। उनके हाथों में तिरंगा और मिठाई के पैकेट थे। यह देखकर बहुत सुखद लग रहा था। बहुत से राज्यों के स्कूलों में 14 अगस्त को ही देश का स्वाधीनता दिवस समारोह मना लिया जाता है। यह सही नहीं है। कायदे से सारे देश के स्कूलों को 15 अगस्त को खुलना चाहिये। उस दिन वहां स्वाधीनता दिवस समारोह आयोजित किए जाने चाहिए। गोवा क्षेत्रफल के लिहाज से छोटा राज्य होने पर भी कई मामलों में बड़े-बड़े राज्यों से बहुत आगे है। गोवा क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा और जनसंख्या के हिसाब से चौथा सबसे छोटा राज्य है। गोवा का क्षेत्रफल 3702 वर्ग किलोमीटर है। गोवा की प्राकृतिक सुंदरता के अलावा यहां के प्रसिद्ध समुद्र तट और सूर्य की धूप पर्यटकों को गोवा की ओर खींचती है। यहां के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति व्यवहार वास्तव में बहुत ही दोस्ताना रहता है। इस कारण भी पर्यटक इधर बार-बार आना चाहते हैं। गोवा में आप पांच-सात दिन रहते हुए अखबारों को ध्यान से देखिए। आपको एक भी अपराध का समाचार नहीं मिलेगा। यूपी, बिहार, दिल्ली से गोवा जाने वाले पर्यटकों के लिए यह एक बड़ा ही सुखद अनुभव होता है।

चूंकि गोवा पर पुर्तगाली शासन रहा, तो इसका असर यहां पर अब भी गिरिजाघरों, घरों और दूसरी इमारतों के आर्किटेक्चर को देखकर ही समझ में आने लगता है। पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 साल तक शासन किया। गोवा के दक्षिण भाग में ईसाई समाज का ज्यादा प्रभाव है। पुर्तगाली वास्तुकला के नमूने ज्यादा दिखाई देते है। ऐसा इसलिए है कि गोवा पुर्तगाली शासन के अधीन रहा, इस कारण यहां यूरोपीय संस्कृति का प्रभाव महसूस होता है। हालांकि पुर्तगालियों ने यहां के संस्कृति का नामोनिशान मिटाने के लिए भरसक बहुत सारे प्रयास किए, लेकिन यहां की मूल संस्कृति इतनी मजबूत थी कि धर्मांतरण के अनेकों प्रयासों के बाद भी वो मिट नहीं पाई।

शायद ही भारत का कोई अन्य पर्यटन स्थल गोवा की तरह से साफ-सुंदर हो। यहां के अनेकों समुद्र तट का ह्यबीचह्न में आनंद के लिए इसलिए ही तो सारे संसार से टूरिस्ट सालों भर आते रहते हैं। गोवा एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही गोवावासियों के सुसंस्कृत व्यवहार से लेकर सड़कों पर व्यवस्थित ट्रैफिक को देखकर समझ आने लगता है कि ये अलग मिजाज का शहर है। रात 10 बजे भी यहां की सड़कों पर स्कर्ट पहनकर लड़कियां और महिलाएं आ-जा रही होती हैं। मजाल है कि उन्हें कोई टेढ़ी नजर से देख भी ले। यानी यूं ही गोवा खास नहीं हो गया। गोवा की मनमोहक सुंदरता और गोवा के मंदिरों, गिरजाघरों और पुराने निवास स्थानों का आर्किटेक्चर गोवा को बाकी जगहों से अलग करता है। एक बात और, गोवा की संस्कृति काफी प्राचीन भी है। कहा जाता है कि एक हजार साल पहले गोवा कोंकण काशी के नाम से जाना जाता था।

महाभारत में गोवा का उल्लेख गोपराष्ट्र यानी गाय चरानेवालों के देश के रूप में मिलता है। अरब के मध्युगीन यात्रियों ने इस क्षेत्र को चंद्रपुर और चंदौर के नाम से इंगित किया है। 1510 में पुर्तगालियों ने एक स्थानीय सहयोगी तिमैया की मदद से सत्तारूढ़ बीजापुर सुल्तान यूसुफ आदिल शाह को पराजित किया। उन्होंने गोवा में एक स्थायी राज्य की स्थापना की। भारत ने 1947 में अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्त की।

तब भारत ने पुर्तगाल सरकार से अनुरोध किया कि वह गोवा को आजाद कर दे। मगर पुर्तगाल ने भारत के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद 19 दिसंबर, 1961 को भारतीय सेना ने गोवा, दमन, दीव के भारतीय संघ में विलय के लिए ऑपरेशन विजय के नाम से सैन्य संचालन किया और इसके परिणामस्वरूप गोवा, दमन और दीव भारत का एक केंद्र प्रशासित क्षेत्र बना। 30 मई, 1987 में केंद्रशासित प्रदेशों को पुनर्गठित किया गया, और गोवा को भारत का पच्चीसवां राज्य बनाया गया, जबकि दमन और दीव केंद्र शासित प्रदेश ही बने रहे।

गोवा और पर्यटन का चोली-दामन का साथ है। पर्यटन की वजह से बाकी उद्योग जो पर्यटन पर निर्भर करते हैं वो भी यहां पर जोर-शोर से चालू हैं। गोवा में अभी तक सिर्फ एक ही एयरपोर्ट है और दूसरा अभी बनने वाला है। पर्यटन के अलावा गोवा में लौह खनिज भी विपुल मात्रा में पाया जाता है। गोवा मछली उद्योग के लिए भी जाना जाता है लेकिन यहां की मछली निर्यात नहीं की जाती, बल्कि स्थानीय बाजारों में ही बेची जाती है। यहां के बागों में उत्पादित काजू सऊदी अरब, ब्रिटेन तथा अन्य यूरोपीय राष्ट्रों को निर्यात होता है। गोवा की लगभग 60 फीसद जनसंख्या हिंदू और लगभग 28 फीसद ईसाई है। गोवावासी धाराप्रवाह हिन्दी बोलते हैं। इसके अलावा वे अपनी कोंकणी भाषा तो बोलते ही हैं। यानी कि उत्तर भारत से गोवा जाने वाले पर्यटकों के सामने भाषा कोई मसला नहीं खड़ा करती।

गोवा अपने खास व्यंजन फिश करी चावल के लिए प्रसिद्ध है। मैं इस तरह के बहुत से भारतीय मूल के लोगों को जानता हूं,जो हर साल गोवा में कुछ समय बिताने के लिए आते ही हैं। उन्हें यहां की कई डिशेज पसंद हैं। गोवा के जायके अद्भुत हैं, इसके जायके को शब्दों में बयां कर पाना आसान नहीं है। आपको यहां पर जगह-जगह सस्ते होटल और रेस्तरां मिलते हैं, जहां आप नान-वेज और वेज भोजन का स्वाद ले सकते हैं। उत्तर भारत का भोजन भी आराम से उपलब्ध रहता है। गोवा के लोग बेहतरीन शेफ होते हैं। गोवा के भोजन को अनूठा बनाने में यहां के मिर्च और मसालों की अहम भूमिका है।

गोवा में बिताया समय पर्यटकों को सदैव याद रहता है। गोवा एक नशा है। एक बार जाने के बाद आप वहां पर बार-बार जाना चाहते हैं। गोवा में अनगिनत स्वच्छ ह्यसमुद्र तटह्न हैं, जहां का स्वच्छंद व उन्मुक्त जीवन जीने का तरीका पर्यटकों को गोवा की ओर खींच लाता है। गोवा में इतने अधिक समुद्र तट हैं कि पर्यटकों को गोवा के सभी तटों को देखने में एक महीने से भी अधिक वक्त लग जाएगा। गोवा के इन तटों पर आप समुद्र की लहरों पर वाटर सर्फिंग, पैरासेलिंग, वाटर स्किइंग, स्कूबा डाइविंग, वाटर स्कूटर आदि का लुत्फ उठा सकते हैं। बेशक, देश के सभी पर्यटन स्थलों को गोवा जैसा सुंदर तथा सुरक्षित बनाना होगा। भारत के पर्यटन क्षेत्र को बहुत गति दी जा सकती है। सिर्फ जरूरत इस बात की है कि सभी पर्यटन स्थल इस दिशा में गोवा को अपना आदर्श समझकर अपनी योजनाएं बनाएं।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# भारतीय देवतंत्र ऋग्वेद से भी प्राचीन

**हृदय नारायण दीक्षित**

हिन्दू विश्वास तर्क सिद्ध है। इसके भीतर एक बड़ी तर्कसारिणी है। कुछ विद्वान इसे अनेक विश्वासों का मिश्रण बताते हैं। डॉ. रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' (पृष्ठ 99) में लिखा है, 'हमारा धर्म न तो एक महात्मा से आया है, न किसी संप्रदाय से। सच तो यह है कि हिन्दू धर्म किसी एक विश्वास पर आधारित नहीं है प्रत्युत वह अनेक विश्वासों का समुदाय है।' यह बात अंशतः सही है कि हिन्दू धर्म किसी एक महात्मा या संप्रदाय से नहीं आया। लेकिन यह बात सही नहीं है कि हिन्दू धर्म अनेक विश्वासों का समुदाय या संकलन है। डा. दिनकर ने अपनी बात को सिद्ध करने के लिए भारतीय जनता की रचना को अनेक जातियों का परिणाम बताया। लिखा है 'अनेक जातियां समय समय पर इस देश में आती रहीं उसी प्रकार हिन्दुत्व भी इन विभिन्न जातियों के धार्मिक विश्वासों के योग से बना है।' (पृष्ठ 100) उनके विवेचन में हिन्दू धार्मिक समुदाय भारतीय जनता की रचना का मूल नहीं है। भारत के बाहर से यहां आई जातियां ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। सबके विश्वासों का समागम 'हिन्दुत्व' है। उन्होंने 'हिन्दुत्व' शब्द का ही प्रयोग किया है लेकिन हिन्दुत्व के निर्माण की प्रक्रिया का सरलीकरण उचित नहीं है। हिन्दुत्व अनेक जातियों के मिलने से ही अस्तित्व में नहीं आया। दिनकर जी के विवेचन में जाति शब्द का प्रयोग आधुनिक काल की जन्मना जाति व्यवस्था के लिए नहीं हुआ। यहां विशेष भू-क्षेत्रों में रहने वाले, विशेष समुदायों का नाम जाति है। ऐसे समुदायों के अपने देवी-देवता भी होते है। डॉ. दिनकर का जोर बाहर से यहां आई जातियों पर है। इनके अनेक देवता-देवी थे। उन्होंने लिखा है 'अनेक देवी-देवताओं के आ मिलने के कारण बहुदेववाद हिन्दुत्व का अंग बन गया।' उस निष्कर्ष में भारत के बाहर से आई जातियां अपने साथ देवी-देवता भी लाईं। वे भारतीय देवी-देवताओं से मिल गईं। भारत बहुदेववादी बन गया। सच यह नहीं है। भारतीय देवतंत्र ऋग्वेद के रचनाकाल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद में इन्द्र, अग्नि, वरुण, अदिति, मरुत, रूद्र, सूर्य आदि अनेक देवता हैं। ऋग्वेद ऐसे देवों की स्तुतियों से भरा पूरा है।

श्रीराम गोयल ने 'विश्व की प्राचीन सभ्यताएं' (पृष्ठ 427) में भी वैदिक आर्यों के धर्म को बहुदेववादी बताया है। लिखा है, 'उनके अधिकांश देवता, जैसे सूर्य, अग्नि, वायु, उषा आदि विभिन्न प्राकृतिक शक्तियों का देवीकरण थे। वे तेज और प्रकाश के प्रतीक तथा उदार, सर्वज्ञ, कृपालु और अमर माने जाते थे। उनकी कल्पना मानव रूप में की गई थी, लेकिन सब देवताओं का मानवीकरण समानरूपेण पूर्णता प्राप्त नहीं कर पाया था। इस दृष्टि से वैदिक धर्म यूनानी धर्म से कुछ भिन्न था। यूनान के देवताओं का मानवीकरण भी विचारणीय है। गोयल ने लिखा है, 'यूनान में देवताओं का मानवीकरण भारत से बहुत आगे बढ़ गया था। देवताओं के व्यक्तित्व में स्पष्टता के अभाव के कारण वैदिक ऋषि उनमे प्रायः सामान गुणों का आरोपण कर देते थे और स्तुति करते समय किसी भी देवता को सर्वोच्च घोषित कर देते थे। मैक्समूलर ने इस प्रवृत्ति को 'हे नोथीज्म' नाम दिया है। बहुत से ऋषि समान गुणों वाले देवताओं का एक साथ उल्लेख भी कर देते थे - जैसे द्यावापृथिवी, मित्रावरुण, मरुद्गण, आदित्यगण तथा अश्विनी कुमार आदि। इतना ही नहीं कुछ ऋषि तो बहुदेववाद को ही चुनौती देने लगे थे। ऋग्वेद प्रथम मण्डल के 164वें सूक्त के रचयिता ने स्पष्टरूपेण उस 'एक सत' की कल्पना की है 'जिसे ज्ञानी लोग इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, यम तथा मातरिश्वा आदि विभिन्न नामों से पुकारते हैं। इस प्रवत्ति को एकेश्वरवाद कहा जाता है।' एक सत कल्पना नहीं अनभूत सिद्ध सत्य है।

वैदिक धर्म को बहुदेववादी कहना उचित नहीं है। वैदिक समाज का विश्वास एक सत्य में था। ऋग्वेद (1-164) में बहुदेवों का उल्लेख है कि 'सत्य एक है विद्वान उसे इन्द्र, मित्र, वरुण, अग्नि, यम तथा मातरिश्वा आदि भिन्न भिन्न नामों से पुकारते हैं। हिन्दू चित्त बहुदेववादी नहीं बहुदेव उपासक था और है। श्रीराम गोयल ने ऋग्वैदिक देवों के मानवीकरण को अपूर्ण बताया है। यह सही नहीं है। देवता प्रकृति की शक्तियों का दैवीकरण थे। उन्हें मनुष्य रूप में विकसित किया गया था। गोयल के अनुसार मानवीकरण अधूरा था।' सच यह है कि देवों का मानवीकरण पूर्ण था लेकिन दर्शन के तल पर संपूर्ण अस्तित्व एक इकाई के रूप में दिखाई दे रहा था। सारे देवता नाम रूप से भिन्न होते हुए भी एक ही सत्य की अभिव्यक्ति जाने गए थे। ऋग्वेद में इन्द्र के लिए कहा गया है कि यह एक इन्द्र ही सभी भुवनों में प्रविष्ट होकर रूप रूप प्रतिरूप हो रहा है - इन्द्रैर्थको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो वभूवः। अदिति के लिए कहते है, "अदिति द्यौ हैं, आकाश हैं। माता हैं, पिता हैं और पुत्र भी हैं।" यहां भी अदिति का मानवीकरण पूरा नहीं है, दैवीकरण अस्तित्वव्यापी है।

गोयल को देवताओं के व्यक्तित्व में स्पष्टता का अभाव दिखाई पड़ता है। उनकी शिकायत है कि 'व्यक्तित्व की अस्पष्टता के कारण ऋषि किसी भी देवता को सर्वोच्च घोषित कर देते थे।' ऋषि अपनी तरफ से देवों का मानवीकरण पूरा कर चुके थे। वे दैवीकरण के बाद की मंजिल में थे और प्रत्येक देव को एक ही सत्य का विकास देख रहे थे। हिन्दुत्व इसी दर्शन का प्रसाद है।

सुमेरियन प्राचीन सभ्यता थी। बैबिलोनिया के इतिहास में प्रारम्भ से दो जातियां मिलती हैं। उत्तरी बैबिलोनिया या अक्काद में सेमेटिक और दक्षिणी बैबिलोनिया - सुमेर में सुमेरियन। सुमेरियन भारत में सिंधु घाटी में रहते थे। गोयल ने लिखा है- 'अनुमान किया गया है कि सम्भवतः सुमेरियन मूलतः भारत में सिंधु घाटी में रहते थे। वहां से वह बलूचिस्तान और फारस होते हुए दजला फरात की घाटियों में बसे। यह भी संभव है कि वे समुद्री मार्ग से सुमेर आए हों।' एक आख्यान में कहा गया है- 'ओआनिज नामक देवता ने समुद्री मार्ग से आकर सुमेर के निवासियों को सभ्य बनाया (वही 33)।' कुछ विद्वान सुमेरी सभ्यता को भारतीय सभ्यता से प्राचीन मानते हैं। सुमेरियनों ने दार्शनिक सत्यों की उपेक्षा की। भारत में दर्शन ने ही ज्ञान का नेतृत्व किया। सृष्टि के उद्भव की सुमेरी मान्यता कुछ अंशों तक भारत से मिलती है। सुमेरी विश्वास था कि आदिकाल में केवल जल ही जल था। उनकी मान्यता में जल 'नम्मू' देवी थी। इस जलराशि से एक दैवी पर्वत निकला। इस पर्वत का आधार 'की' नाम की देवी (पृथ्वी) था और शिखर 'अन' (आकाश) नाम का देवता था। प्रारम्भ में 'की' (पृथ्वी) और 'अन' (आकाश) संयुक्त थे। 'की' के गर्भ से एनलिल (वायुदेव) का जन्म हुआ। इसने धरती और आकाश को अलग किया। ऋग्वेद में पहले धरती आकाश संयुक्त थे। मरुतों ने दोनों को अलग किया। सुमेरियन के अनुसार विश्व का निर्माण व पोषण देव समूह करते हैं। ऋग्वेद के अनुसार प्रकृति सदा से है। असत अव्यक्त से सत प्रकट हुआ। नासदीय सूक्त के अनुसार पहले सत असत नहीं थे। केवल 'वह एक' था। उसी एक का विस्तार सृष्टि है।

**लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

## मैडिसन कीज़ सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टरफाइनल में, विश्व नंबर एक इगा स्विएटेक को दी शिकस्त

**सिनसिनाटी।** अमेरिका की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी मैडिसन कीज़ ने वेस्टर्न और सदर्न ओपन (सिनसिनाटी ओपन) के तीसरे दौर में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कीज़ ने स्विएटेक पर सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।



जीत के बाद कीज़ ने कहा, यह बहुत अच्छा लगता है। मुझे स्पष्ट रूप से विश्व नंबर 1 के खिलाफ सबसे अच्छी जीत मिली है। विशेष रूप से पहले से ही दो हार के बाद, मेरे लिए यह जीत बहुत मायने रखता है, और मुझे लगता है कि मैं अच्छा टेनिस खेल रही हूं। इससे पहले चेक गणराज्य की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने भी सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। क्वितोवा ने खेले गए अंतिम 16 मुकाबले में ट्यूनीशियाई टेनिस खिलाड़ी ओन्स जबूर को हराकर अंतिम 8 में प्रवेश किया। क्वितोवा ने एक घंटे 47 मिनट तक चले मुकाबले में जबूर को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। दूसरी ओर, अपने 40वें डब्ल्यूटीए 1000 मुख्य ड्रॉ में खेलते हुए अजला टोमलजानोविक ने वेरोनिका कुडरमेतोवा को 3-6, 7-6(4), 6-3 से हराकर सिनसिनाटी मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह मैच दो घंटे और 57 मिनट तक चला।

## गुयाना अमेज़ॅन वारियर्स के कप्तान बने शिमरोन हेटमायर

**ब्रिजटाउन।** गुयाना अमेज़ॅन वारियर्स ने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शिमरोन हेटमायर को कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2022 संस्करण के लिए अपना कप्तान बनाया है। हेटमायर ने कप्तान के रूप में निकोलस पूरन की जगह ली है, जिन्हें जुलाई में सीपीएल ड्राफ्ट में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स द्वारा साइन किया गया था।हेटमायर ने 2016 में वॉरियर्स के लिए पदार्पण किया और पांच सीजन खेले हैं। 2018 में हेटमायर टीम का नियमित हिस्सा बने और हमेशा प्लेइंग इलेवन का हिस्सा रहे, उन्होंने 47 मैचों में 131.76 के स्ट्राइक रेट से 1149 रन बनाए। अमेज़ॅन वॉरियर्स फ्रैंचाइज़ी के अध्यक्ष बॉबी रामरूप ने एक आधिकारिक बयान में कहा, हम 2013 सीज़न के बाद से अपना पहला गुयाना कप्तान नियुक्त करने के लिए खुश हैं।



हेटमायर पिछले कुछ वर्षों में हमारे सेटअप का मुख्य हिस्सा रहे हैं और हमें विश्वास है कि उनके द्वारा टीम का नेतृत्व करने का यह समय सही है। वहीं. हेटमायर ने कप्तान नियुक्त किये जाने पर कहा, मैं इस समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। मैं सीपीएल के शुरू होने का और इंतजार नहीं कर सकता।अमेज़ॅन वॉरियर्स ने पांच बार फाइनल खेला है। हालांकि टीम अभी तक सीपीएल ट्रॉफी नहीं जीत सकी है।

## एशियन वालीबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के बाद आरएस पुरा पहुंचे मन्नत चौधरी का हुआ जोरदार स्वागत

**आरएस पुरा।** थाईलैंड में आयोजित हुई अंडर 20 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद आरएस पुरा पहुंचे खिलाड़ी मन्नत चौधरी पुत्र सुभाष चंद्र का स्थानीय लोगों द्वारा जोरदार तरीके के साथ स्वागत किया गया। मन्नत चौधरी के स्वागत के लिए सतवारी एयरपोर्ट से लेकर आरएस पुरा तक एक भव्य स्वागत रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। बताते चलें कि मन्नत चौधरी का थाईलैंड में होने वाले एशियन वॉलीबॉल चैंपियनशिप (एबीसी कप) प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ था। इससे पहले खिलाड़ी मन्नत चौधरी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया जिसके उपरांत उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थाईलैंड में होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। मन्नत चौधरी ने बताया कि थाईलैंड में उनकी टीम छठे स्थान पर रही है और उन्हें इस प्रतियोगिता के दौरान चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान सहित अन्य टीमों के साथ मैच खेलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि टीम का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा और टीम के सभी खिलाड़ियों ने अच्छे से अपना खेल दिखाया और कई मैचों में भारतीय टीम को जीत भी प्राप्त हुई।

# कीवी आक्रमण के सामने ढेर हुई विंडीज, दूसरा वनडे 50 रन से गंवाया

**बारबाडोस।** बारबाडोस के मैदान पर न्यूजीलैंड ने वापसी करते हुए तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। विंडीज के खिलाफ खेले गए दूसरे मुकाबले को कीवी गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट और टिम साऊथी ने शानदार गेंदबाजी कर अपनी टीम के नाम लिख दिया। न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए 212 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी विंडीज टीम 161 रन बनाकर आऊट हो गई। डकवर्थ लुईस नियम के तहत विंडीज यह मैच 50 रन से हारा।

हालांकि पहले वनडे जीतने के बाद विंडीज ने दूसरे वनडे में शानदार शुरूआत की थी। विंडीज तेज गेंदबाज जेसन होल्डर ने शुरूआती ओवरों में ही मार्टिन गुप्टिल और टॉम लैथम के विकेट



निकालकर न्यूजीलैंड का स्कोर 31 रन पर तीन विकेट कर दिया था। लेकिन यही से फिन ऐलन के साथ डिरेल मिचेल ने शानदार साझेदारी कर स्कोर को आगे बढ़ाया। फिन ऐलन 117 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से 96 रन बनाने में सफल रहे।

मिचेल ने 63 गेंदों में 2 चौके और दो छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। अंत के ओवरों में सेंटनर ने 26 तो बोल्ट ने 16 रन बनाए।

विंडीज की ओर से केविन सिन्क्लेयर ने 8.2 ओवरों में 41 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर 9 ओवर में दो मेडन के साथ 24 रन देकर तीन विकेट लेने में सफल रहे। इसी तरह अकिल हुसैन ने 51 रन देकर दो तो अल्जारी जोसेफ ने 47 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंडीज टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। कीवी गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और टिम साऊथी ने शानदार गेंदबाजी कर स्कोर 72 रन पर 8 विकेट ला दिया। काइल मायर्स, शमरह ब्रूक्स और जेसन होल्डर शून्य पर ही आऊट हो गए। आठवें नंबर के बल्लेबाज यानिक ने 84 गेंदों में 52 तो अल्जारी जोसेफ 31 गेंदों में 49 रन बनाकर विंडीज को 150 रन से पार कराया। हालांकि विंडीज लक्ष्य तक पहुंच नहीं पाई और 161 रन पर ऑल आऊट हो गई। इस तरह डकवर्थ लुईस नियम के तहत न्यूजीलैंड ने यह मैच 50 रन से जीत लिया।

# लकड़ा, प्रधान मेरी प्रेरणा हैं : सलीमा टेटे

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा खिलाड़ी सलीमा टेटे ने खुलासा किया है कि टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा और निक्की प्रधान ने उनके करियर में मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। झारखंड की रहने वाली सलीमा ने बताया कि उन्हीं के राज्य से आने वाली असुंता और निक्की को देखकर उन्हें भी हॉकी में नई ऊंचाइयां हासिल करने की प्रेरणा मिली। सलीमा ने कहा- मैंने जूनियर राष्ट्रीय टीम से हॉकी में प्रवेश किया, और असुंता लकड़ा मेरी प्रेरणा थीं। मैं उनके जैसी बनना चाहती थी। जब मैंने उन्हें खेलते हुए देखा तो मुझे महसूस हुआ कि यदि यह कर सकती हैं, तो मैं भी कर सकती हूं। निक्की प्रधान भी मेरे विकास में महत्वपूर्ण रही हैं। उन्होंने मुझे हमेशा पर्याप्त समय दिया है।

सलीमा ने कहा- मेरा परिवार भी बेहद सहयोगी रहा है। वे परेशानियों के बारे में नहीं सोचते। उनका यही मानना है कि अगर हम अपने आप को सर्वश्रेष्ठ बनाना चाहते हैं, तो हमें हर परेशानी के



बावजूद अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। यूरोपीय दौरे पर लंबा समय बिताने के बाद भारत वापस आई सलीमा ने कहा कि बर्मिंघम 2022 खेलों से पहले टीम का ध्यान सिर्फ इस बात पर था कि उन्हें 'कुछ न कुछ करना है। सलीमा ने कहा कि एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप स्पेन और नीदरलैंड 2022 में जब हमारा समय खराब गया तो टीम का लक्ष्य साफ था। हम बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते थे। हमारे पास कोई और विकल्प नहीं था। हमें भारत वापस लौटने से पहले एक पदक जीतना था। हमारी सोच यही थी कि कुछ न कुछ करना ही है। सलीमा के करियर का अब तक का सबसे बड़ा पल टोक्यो ओलिम्पिक रहा है, जहां भारत चौथे स्थान पर रहा था। सलीमा का कहना है कि टोक्यो ओलिम्पिक के बाद से उनके गांव की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ है, जिससे क्षेत्र की हालत सुधरी है। सलीमा ने कहा- टोक्यो ओलिम्पिक से पहले किसी को भी हमारे गांव के बारे में नहीं पता था और जब मैं वापस आई तो मेरे गांव की तरफ ध्यान काफी बढ़ गया था। लोग दूर-दूर से यहां आते हैं। लोग मेरे गांव को पहचानते हैं। यह दिल को बहुत खुशी देता है। मेरे परिवार को भी यह देखकर खुशी होती है कि लोग हमसे मिलने आ रहे हैं। पूरा माहौल बदल गया है जिससे मुझे बहुत खुशी है। उन्होंने कहा- भारत के लिए खेलने से मेरा जीवन बदल गया है। इसने मुझे वो सब दिया है जो मैं मांग सकती थी। मैं देश के लिए प्रदर्शन करते हुए और मैच जिताना चाहती हूं।

## भारत के पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे ने एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे ने अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। क्लब फुटबॉल में कोलकाता के दिग्गज क्लबों का प्रतिनिधित्व करने वाले 45 वर्षीय चौबे, वर्तमान में कोलकाता से



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनेता हैं। एआईएफएफ चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल करने की आज अंतिम तिथि थी इसीलिए चौबे ने तड़के अपना नामांकन दाखिल किया। उन्हें गुजरात स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। फुटबॉलर से राजनेता बने चौबे अपना नामांकन दाखिल करने वालों में पहले व्यक्ति हैं, उनके साथ कुछ अन्य भारतीय फुटबॉल के दिग्गज भी नामांकन कर सकते हैं।

## युजवेंद्र चहल ने किया कोहली का समर्थन, कहा- समस्या यह है कि हम केवल उनके शतक के बारे में सोचते हैं

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल ने विराट कोहली के साथ काफी क्रिकेट खेली है। इंडियन प्रीमियर लीग के नवीनतम सीज़न में राजस्थान रॉयल्स द्वारा खरीदे जाने से पहले, चहल ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में कोहली के साथ आठ साल बिताए। कोहली तीन साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक भी शतक नहीं लगा पाए हैं, लेकिन स्टार लेग स्पिनर चहल को लगता है कि कोहली ने इन तीन सालों में भले ही शतक न लगाया हो, लेकिन इस दौरान उन्होंने कई मूल्यवान योगदान दिए हैं। चहल ने स्पोर्ट्स यारी के साथ बातचीत में कहा, कोहली का टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 50 का औसत है, वह दो टी 20 विश्व कप में मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे हैं, उनके पास सभी प्रारूपों में 70 शतक हैं। आप सभी प्रारूपों में उनका औसत देखते हैं, समस्या यह है कि हम केवल उनके शतक के बारे में सोचते हैं, हम उन उनके 60-70 रनों के उन मूल्यवान



योगदानों के बारे में बात क्यों नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, अगर वह 15-20 रन बनाकर क्रीज पर हैं, तो मैं आपको बता रहा हूं कि कोई भी गेंदबाज उन्हें गेंदबाजी नहीं करना चाहेगा। चहल ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा,विभिन्न कप्तानों के तहत मेरी भूमिका हमेशा एक जैसी रही है, वे हमेशा मुझे विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल करते हैं। मेरे लिए, वे सभी समान हैं। मुझे एक गेंदबाज के रूप में स्वतंत्रता मिली है। वे हमेशा वही पसंद करते हैं जो मैं करना चाहता हूं। कभी-कभी रोहित भैया मुझसे पूछते हैं कि यह स्थिति है, आप क्या करेंगे? एक गेंदबाज के रूप में, आप जानते हैं, आपको किसी भी ओवर में आराम नहीं दिया जा सकता है।।

# जिम्बाब्वे क्रिकेट ने की 2022/23 सत्र के लिए महिला क्रिकेटरों के केंद्रीय अनुबंध की घोषणा

**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने 2022/23 सत्र के लिए महिला क्रिकेटरों के केंद्रीय अनुबंध की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय महिला टीम की कप्तान मैरी-ऐनी मुसोंडा, उपकप्तान जोसेफिन नकोमो और चिपो मुगेरी-तिरिपानो को ग्रेड ए श्रेणी में शामिल किया गया है।

जिम्बाब्वे क्रिकेट के निदेशक हैमिल्टन मसाकाद्जा ने एक बयान में कहा, महिलाओं के खेल के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, हम 19 खिलाड़ियों के एक प्रतिभाशाली समूह को केंद्रीय अनुबंध देने की पुष्टि करते हुए प्रसन्न हैं, उन्होंने कहा,हमें विश्वास है कि इससे न केवल हमारे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा बल्कि उन्हें हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि से पहले अपने खेल पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की अनुमति मिलेगी, जिसमें सितंबर में संयुक्त



अरब अमीरात में होने वाला आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप क्वालीफायर 2022 शामिल है।

**अनुबंध सूची इस प्रकार है-**

ग्रेड ए : मैरी-ऐनी मुसोंडा, जोसेफिन नकोमो, चिपो मुगेरी-तिरिपानो।

ग्रेड एः कीमती मारंगे, मॉडेस्टर मुपाचिकवा, शार्न मेयर्स।

ग्रेड बीः नोमवेलो सिबांडा, लोरेन त्सुमा।

ग्रेड सीः एस्टर मबोफाना, लॉरिन फ़िरी, पेलागिया मुजाजी, ऑड्रे मज्विशाया, क्रिस्टाबेल चतोन्ज़्वा, न्याशा ग्वान्ज़ुरा, एशले नदिराया, नोमैटर मुतासा, चिपेज़ा धुरु, फासिस्का चिपारे, तस्मीन ग्रेंजर।

# मैं खिलाड़ियों को पूरी आजादी देता हूं, जिससे उन्हें उनकी भूमिका पता हो : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** बीते दिनों एशिया कप 2022 के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है। एशिया कप 2022 कुछ ही दिनों में यानी 27 अगस्त से यूएई की धरती पर शुरू होने जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह खिलाड़ियों को पूरी आजादी देते हैं, जिससे उन्हें उनकी भूमिका पता हो।

रोहित ने स्वदेशी सोशल मीडिया मंच कू ऐप पर स्टार स्पोर्ट्स इंडिया द्वारा साझा किये गए वीडियो में कहा, -मैंने पिछले कुछ वर्षों में मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइज़ी के साथ काम किया है और उस समय भी जब मैंने भारत का नेतृत्व किया, सबकुछ बेहद आसान रखते हुए, चीजों को बहुत अधिक मुश्किल नहीं किया है। मैंने यह सुनिश्चित किया है कि साथियों को आजादी दी जाए, उन्हें उनकी भूमिका-जिम्मेदारी के बारे में पता हो और मैं खुद से भी यही



उम्मीद करूँगा। आप जानते हैं कि यही मैं टीम के लिए करना चाहता हूँ, खिलाड़ियों के लिए यही सुनिश्चित करना चाहता हूँ, क्योंकि जो आप चाहते हैं वह यही है कि जब आप एक हाई प्रोफाइल टूर्नामेंट खेलें, तो आपको सबकुछ पता हो और आसान हो, कोई गलतफहमी ना हो। इसलिए, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इन सभी बातों का ध्यान रखा जाए। और यहीं पर राहुल के साथ मेरी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। हम कोशिश करेंगे कि हम दोनों उस पर अपना ध्यान केंद्रित करें। लेकिन मेरे लिए, मैं चीजों को बहुत सरल रखने की कोशिश करता हूँ।'

वर्ष 2018 में भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में ही एशिया कप जीता था। ऐसे में फैंस की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इस प्रकार एक बार फिर उन्हीं की अगुआई में भारतीय टीम अपने खिताब को बचाने के इरादे से उतरेगी। एशिया कप 2022 में भारत अपने अभियान की शुरुआत 28 अगस्त से पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगा। इस साल टी20 वर्ल्ड कप के आयोजन के कारण एशिया कप भी टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा, क्योंकि एशिया कप के बाद टी20 विश्व कप होना है। ऐसे में उसकी तैयारियों के लिहाज से यह टूर्नामेंट अहम है। इसमें बेहतर प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ी वर्ल्ड कप का टिकट पक्का करेंगे, जिसे लेकर रोहित शर्मा की जिम्मेदारियाँ बढ़ गई हैं।

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 2 के जरिये मैदान पर वापसी करेंगे गौतम गंभीर

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने सीजन 2 में भारत के बेहतरीन सलामी बल्लेबाजों में शामिल गौतम गंभीर के खेलने की पुष्टि की है। गंभीर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर खेल के तीनों फॉर्मेट में सबसे अधिक मांग में रहने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं।

गंभीर 2007 और 2011 में भारत की दो विश्व कप विजेता टीम में शामिल रहे हैं। 2011 विश्व कप फाइनल में उनके शानदार 97 रन याद कर आज भी भारत का हर क्रिकेट प्रेमी रोमांचित हो उठता है। गंभीर 147 एकदिवसीय और 37 टी 20 ओआई मैच में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए सीमित ओवरों में 6000 से अधिक रन अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स की कमान संभाल कर 2012 और 2014 अर्थात् दो आईपीएल सीज़न में टीम को जीत दिलाई जो उल्लेखनीय उपलब्धि है।



गौतम गंभीर ने कहा, ''मैं आप सभी को यह बताते हुए बहुत खुश हूं कि मैंने 17 सितंबर से आगामी लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलने का वादा किया है। मैं एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर उतरने को लेकर उत्साहित हूं। विश्व क्रिकेट के चमकते सितारों के साथ एक बार फिर खेलना मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात होगी।'

लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा, ''विश्व कप फाइनल-2011 में गौतम गंभीर के मैच जिताने वाले 97 रन कौन भूल सकता है?'' मुझे विश्वास है कि सीजन 2 में गंभीर और अन्य मशहूर खिलाड़ियों के उसी रोमांचक प्रदर्शन को लेकर उनके प्रशंसक उत्साहित होंगे।'

पिछले कुछ सप्ताह में इस लीग से क्रिस गेल, हरभजन सिंह, वीरेंद्र सहवाग, शेन वॉटसन, ब्रेट ली, मोहम्मद कैफ, इरफान पठान, मुथैया मुरलीधरन और जैक्स कैलिस जैसे कई जाने-माने खिलाड़ी जुड़े हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट का आगामी सीजन भारत के 6 शहरों - कोलकाता, नई दिल्ली, कटक, लखनऊ, जोधपुर और राजकोट में खेला जाएगा।

# खेल मंत्रालय ने फीफा और एएफसी से भारतीय क्लबों को खेलने की अनुमति देने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय ने भारतीय क्लब गोकुलम केरल एफसी और एटीके मोहन बागान को उनके निर्धारित टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति देने के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) दोनों से संपर्क किया है। एआईएफएफ के फीफा निलंबन की घोषणा से पहले, गोकुलम केरल एफसी की टीम उज्बेकिस्तान पहुंच गई है, जहां उसे 23 अगस्त को ईरान की एक टीम और 26 अगस्त को दक्षिणी उज्बेकिस्तान के शहर कार्शी में मेजबान देश की एक टीम के खिलाफ मैच खेलना था, जबकि एटीके मोहन बागान 7 सितंबर को बहरीन में एएफसी कप 2022 (इंटर-जोन सेमीफाइनल) खेलने के लिए तैयार है।

फीफा और एएफसी को अपने ईमेल में, खेल मंत्रालय ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला है कि फीफा के एआईएफएफ के निलंबन की घोषणा से पहले गोकुलम केरल एफसी की टीम पहले से ही उज्बेकिस्तान में है।

मंत्रालय ने फीफा और एएफसी से अनुरोध किया है कि युवा खिलाड़ियों के हित में टीम को एएफसी महिला क्लब चैम्पियनशिप (पश्चिम क्षेत्र) में खेलने की अनुमति देने पर विचार करें। इस बीच, मंत्रालय ने टीम को हर संभव मदद देने के लिए उज्बेकिस्तान में भारतीय दूतावास से भी संपर्क किया है। मंत्रालय लगातार गोकुलम टीम के प्रबंधन के संपर्क में भी है। बता दें कि गोकुलम केरल क्लब की महिला टीम ताशकंद जाकर फंसी हुई है। क्लब की प्लेयर्स एएफसी महिला क्लब चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार सुबह कोझीकोड से ताशकंद पहुंची थी। वहां पहुंचने के बाद ही उन्हें एआईएफएफ के निलंबन की जानकारी दी गई। इस प्रतिबंध के चलते एएफसी महिला क्लब चैम्पियनशिप 2022 में खेलने के लिए गोकुलम केरल टीम को अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## नेपाल सरकार ने राष्ट्रपति की आपत्तियां ठुकराईं, नागरिकता कानून फिर पारित

**काठमांडू।** नेपाल का चर्चित नागरिकता संशोधन कानून आगामी चुनाव में बड़ा मुद्दा बन सकता है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति की आपत्तियां ठुकरा कर नागरिकता संशोधन कानून फिर पारित कर दिया है। नेपाल में मौजूदा प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून पारित कर राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा था। राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने कई आपत्तियां लगाकर उक्त कानून को पुनर्विचार के लिए सरकार को वापस भेज दिया था। नेपाल सरकार ने राष्ट्रपति की आपत्तियां ठुकरा कर इसे दोबारा संसद में पारित कराने की पहल की है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा ने इस कानून को दोबारा मंजूरी दे दी है। अब यदि संसद के ऊपरी सदन से भी उसे मूल रूप में पारित कर दिया जाता है तो राष्ट्रपति के पास इस पर हस्ताक्षर करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं रह जाएगा। नेपाल के संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति सिर्फ एक बार बिल को पुनर्विचार के लिए लौटा सकते हैं।



नेपाली प्रतिनिधि सभा में इस कानून पर हुए मतदान के दौरान उपस्थित 195 सदस्यों में से 135 ने इसका समर्थन किया और 60 ने विरोध किया। माना जा रहा है कि यह कानून नेपाल के आगामी चुनावों में बड़ा मुद्दा बन सकता है। सत्ता पक्ष को लगता है कि देश के मधेस इलाके में सत्ता पक्ष को इस कानून से लाभ मिलेगा। हालांकि विपक्षी पार्टियां इस कानून को पारित करने में सत्ता पक्ष द्वारा दिखाई गयी जल्दबाजी को मुद्दा बना सकती हैं।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत से शांति का संकल्प दोहराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत-पाकिस्तान के बीच शांति बनाए रखने के अपने देश के दृढ़ संकल्प को फिर दोहराया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि दक्षिण एशिया में स्थायी शांति संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरियों की इच्छाओं के अनुरूप जम्मू और कश्मीर मुद्दे के समाधान से जुड़ी हुई थी। हम बातचीत के माध्यम से भारत के साथ स्थायी शांति चाहते हैं, क्योंकि युद्ध किसी भी देश के लिए एक विकल्प नहीं है। शहबाज शरीफ ने कहा कि इस्लामाबाद और नई दिल्ली में व्यापार, अर्थव्यवस्था और अपने लोगों की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। पाकिस्तान हमलावर मुल्क नहीं है। हम अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए सेना पर पैसा खर्च करते हैं न कि किसी मुल्क पर आक्रामकता के लिए। प्रधानमंत्री शरीफ ने पाकिस्तान के सामने आने वाली समकालीन चुनौतियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का आर्थिक संकट हाल ही में दशकों की राजनीतिक अस्थिरता के साथ-साथ संरचनात्मक समस्याओं से उपजा है। पाकिस्तान की स्थापना के बाद से पहले कुछ दशकों में अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में प्रभावशाली वृद्धि देखी गई। शरीफ ने कहा कि समय के साथ हमने उन क्षेत्रों में बढ़त खो दी है, जिनमें हम आगे थे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और नीतिगत कार्रवाई की कमी के कारण राष्ट्रीय उत्पादकता में कमी आई है। उल्लेखनीय है कि शरीफ का यह बयान पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की भारत की विदेश नीति की सराहना करने के बाद आया है।



## पाकिस्तान में बम धमाका, दो पुलिसकर्मी मारे गए

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजुर जिले में आतंकवादियों के गढ़ में सड़क किनारे हुए बम विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। इस विस्फोट की अभी तक किसी आतंकी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। बाजुर जिले के पुलिस प्रमुख अब्दुस समद खान ने कहा कि यह बम विस्फोट रिमोट से किया गया। उल्लेखनीय है कि बाजुर में पाकिस्तानी तालिबानी आतंकवादी समूह लंबे समय से सक्रिय है। इसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी के नाम से जाना जाता है। इस संगठन ने मई में हुए हमले के बाद से किसी विस्फोट या हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। काबुल में टीटीपी और पाकिस्तानी सरकार के अधिकारियों के बीच बातचीत शुरू होने के बाद से संघर्ष विराम लागू है। काबुल में वार्ता की मेजबानी अफगान तालिबान करता है।

## ड्रैगन ने फिर दिखाई आक्रमकता, ताइवान में घुसे चीन के 51 लड़ाकू विमान व 6 नौसैनिक जहाज

**बीजिंग:** अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद चीन का ताइवान व अमेरिका के साथ तनाव बढ़ गया है। चीन ने आक्रमक रुख अपनाते हुए युद्धाभ्यास के नाम पर ताइवान को चारों तरफ से घेर रखा है। चीनी सेना की पूर्वी थियेटर कमान की लगातार आक्रामक हरकतों की वजह से ताइवान में तनाव चरम पर है।

ताइवान का आरोप है कि बृहस्पतिवार को फिर 6 चीनी नौसैनिक जहाज और 51 लड़ाकू विमान उसकी सीमा में घुस गए।इससे पहले 7 अगस्त को ताइवान की सीमा में चीन के 14 युद्धपोत और 66 विमानों के दाखिल होने से हालात बेहद नाजुक हो गए थे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ताइवान के सुरक्षाबल बेहद संयम के साथ स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। चीन की आक्रामकता को देखते हुए ताइवान ने भी अपनी रक्षा और हमले का अभ्यास शुरू कर दिया है। इसके अलावा अपनी समुद्री व हवाई रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर दिया है। मंत्रालय के मुताबिक, चीन के 12 एसयू-3, 6 जे-16, 4 जे-10, 2 एच-6 और एक वाई-8 विमान एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में दाखिल हुए। इसके जवाब में तुरंत ताइवान के लड़ाकू विमानों ने उड़ानें भरीं। चीन से तनाव के बीच ताइवान की मेनलैंड अफेयर काउंसिल की तरफ से कराए एक सर्वे में ताइवान के 90 फीसदी लोग चीन के युद्धाभ्यास के खिलाफ दिखे। 88.3 फीसदी ने कहा कि चीन ताइवान से दुश्मनी रखता है। प्राग स्थित थिंक टैंक एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल अफेयर्स के मुताबिक,चीन के खिलाफ ताइवान को पनडुब्बियों के नए बेड़े से बड़ी मदद मिल सकती है। थिंक टैंक के मुताबिक भले ही पनडुब्बियां अकेले चीन के हमले को नहीं रोक पाएंगी, लेकिन चीनी सैनिकों को जमीन पर पहुंचने से रोकने में अहम किरदार निभा सकती हैं।



## न्यूयॉर्क में तोड़ी गयी महात्मा गांधी की प्रतिमा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसे नफरती अपराध के रूप में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक न्यूयॉर्क में साउथ रिचमंड हिल स्थित हिंदू मंदिर, श्री तुलसी मंदिर के सामने स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ दी गयी। अज्ञात लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को हथौड़े से तोड़ डाला। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक व्यक्ति गांधी की प्रतिमा को पहले हथौड़े से पीटता है, फिर प्रतिमा के सिर का हिस्सा तोड़कर गिरा देता है। कुछ ही देर बाद छह लोगों का समूह आता है और सभी बारी-बारी से हथौड़ा मारकर प्रतिमा को गिरा देते हैं। इसके बाद इन लोगों ने टूटी प्रतिमा के ऊपर, बगल में और मुख्य मार्ग पर स्प्रे पेंट से अभद्र शब्द लिखे। तोड़ी गयी गांधी प्रतिमा के सामने स्थित श्री तुलसी मंदिर के संस्थापक लखराम महाराज ने कहा कि इस तरह महात्मा गांधी की प्रतिमा टूटते देखना बहुत दर्दनाक है। उन्हें सुबह पता चला कि महात्मा गांधी की प्रतिमा ध्वस्त की गई है। इस घटना के बाद वहां रहने वाले भारतीय मूल के लोग अब मंदिर जाने से भी डर रहे हैं। न्यूयॉर्क पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारियों ने बताया कि दो हफ्ते पहले भी महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी गई थी।



## चीन से तनाव के बीच ताइवान ने भारत से मांगी मदद, इंटरपोल में शामिल होने की इच्छा जताई

**ताईपे:** अमेरिकी राजनेता नेन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन भी आक्रामक रवैया अपनाए हुए है। ताइवान के आसपास चीन का बड़े स्तर पर सैन्य अभ्यास जारी है। चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच ताइवान ने अब भारत से मदद मांगी है और इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन यानि इंटरपोल में शामिल होने की इच्छा जताई है। इसके लिए ताइवान भारत का समर्थन मांगा रहा । मीडिया रिपोर्ट के अनुसार क्रिमिन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के आयुक्त ने कहा, 'ताइवान इंटरपोल का सदस्य नहीं है। हम आम सभा में हमारा प्रतिनिधिमंडल नहीं भेज सकते। भारत मेजबान देश है, जिसके पास हमे आमंत्रित करने की शक्ति है। हम पर्यवेक्षक के तौर पर ताइवान को बुलाने की भारत और अन्य देशों से उम्मीद करते हैं।' खास बात है कि 90वीं इंटरपोल आमसभा अक्टूबर में भारत में आयोजित होगी।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बढ़ते दबदबे के साथ चीन पर अपने फायदे के लिए इंटरपोल के गलत इस्तेमाल के आरोप लगते रहे हैं। खबर है कि वह आर्थिक ताकत का इस्तेमाल कर साल 2016 से इंटरपोल पर अपना प्रभाव दिखा रहा है। अमेरिकी सरकार ने ताइवान के साथ व्यापार वार्ता शुरु करने की घोषणा की जिसे द्वीपीय देश के लिए समर्थन के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और उसने चेतावनी दी है कि यदि आवश्यक हुआ तो वह 'अपनी संप्रुभता की रक्षा' के लिए कार्रवाई करेगा। ताइवान को भयभीत करने के लिए बीजिंग द्वारा समुद्र में मिसाइल दागे जाने के बाद यह घोषणा की गई है।



## मलेशिया के पूर्व पीएम महातिर बोले- अपने स्वार्थ के लिए ताइवान-चीन को भड़का रहा अमेरिका

**ताईपे:** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने अमेरिका पर चीन-ताइवान में युद्ध भड़काने का प्रयास करने का आरोप लगाया। महातिर मोहम्मद ने युद्ध की कोशिश को अमेरिका की साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि अगर दोनों मुल्कों के बीच जंग छिड़ेगी तो इसका फायदा उठाकर अमेरिका, ताइवान की मदद करने का तर्क देगा और वहां भारी मात्रा में हथियार बेच सकेगा। ताइवान और चीन के बीच अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइपे दौरे के बाद से तनाव बढ़ गया है, बावजूद इसके अमेरिका के सांसदों का एक डेलिगेशन भी ताइवान की यात्रा कर चुका है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने एक साक्षात्कार में उम्मीद जताई कि मलेशिया की ''भ्रष्टाचारी' सत्ताधारी पार्टी आने वाले महीनों में आम चुनाव कराएगी। दो बार मलेशिया के प्रधानमंत्री रहे महातिर को पश्चिम और इसकी भूगोलीय राजनीति का आलोचक माना जाता है। उन्होंने चेताया कि अमेरिका प्रतिनिधिसभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की हालिया यात्रा के जरिये चीन को नाराज करने का काम कर रहा है। चीन, ताइवान को अपना क्षेत्र होने का दावा करता है।महातिर (97) ने कहा, ''चीन ने ताइवान को स्वायत्त रहने की इजाजत दी है। उसने (चीन) आक्रमण नहीं किया। अगर वे आक्रमण करना चाहते, तो वे ऐसा कर सकते थे। उसने ऐसा नहीं किया। लेकिन, अमेरिका उन्हें उकसा रहा है ताकि युद्ध हो जाये और चीनी सरकार हमला करने की गलती कर दे।' उन्होंने कहा, ''इसके बाद अमेरिका ताइवान की सहायता करने का तर्क देगा और ताइवान को भारी मात्रा में हथियार बेच सकेगा।'



## बिलकिस बानो कांड: अमेरिका ने रेप और हत्या के दोषियों की रिहाई पर जताई आपत्ति, कहा- यह अनुचित व न्याय का उपहास

**वॉशिंगटन:** बिलकिस बानो रेप केस के दोषियों की रिहाई के फैसले को लेकर जहां देश में गुजरात सरकार की कड़ी आलोचना हो रही है वही अमेरिका ने भी इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने भारत में बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के लिए 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद रिहा करने के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है।'

USCIRF ने इसे 'न्याय का उपहास' कहते हुए कहा, 'यह धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में लिप्त लोगों के लिए भारत में दण्ड से मुक्ति के एक पैटर्न का हिस्सा है।' आयोग के आयुक्त स्टीफन श्नेक ने कहा कि यह फैसला धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में शामिल लोगों को सजा से मुक्त करने के एक पैटर्न का हिस्सा है। इस मामले में मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत ने 11 आरोपियों को 2008 में हत्या व सामूहिक दुष्कर्म का दोषी मानकर उम्रकैद की सजा सुनाई थी अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने गुजरात के बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले के 11 दोषियों की समय पूर्व रिहाई के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई है। आयोग ने कहा कि उम्रकैद की सजा पाए दोषियों की जल्दी रिहाई को अनुचित व न्याय का उपहास है। स्टृद्धक्ष्रन्न के उपाध्यक्ष अब्राहम कूपर ने एक बयान जारी रिहाई के फैसले की निंदा की है। बता दें, 2002 में हुए गोधरा कांड के बाद गुजरात में हुए दंगों के दौरान गर्भवती बिलकिस बानो के सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और उसकी पांच साल की बेटी व 13 अन्य की हत्या हुई थी। इस मामले में मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत ने 11 आरोपियों को 2008 में हत्या व सामूहिक दुष्कर्म का दोषी मानकर उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने श्नेक के हवाले से कहा कि 2002 के गुजरात दंगों के जिम्मेदारों को सजा दिलाने में तंत्र नाकाम रहा है। उन्होंने इसे भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा में लिप्त लोगों को सजा से मुक्ति दिलाने का एक तरीका करार दिया।



## पाकिस्तान में बम धमाका, दो पुलिसकर्मी मारे गए

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजुर जिले में आतंकवादियों के गढ़ में सड़क किनारे हुए बम विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। यह इलाका अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। इस विस्फोट की अभी तक किसी आतंकी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। बाजुर जिले के पुलिस प्रमुख अब्दुस समद खान ने कहा कि यह बम विस्फोट रिमोट से किया गया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## नेपाल सरकार ने राष्ट्रपति की आपत्तियां ठुकराईं, नागरिकता कानून फिर पारित



**काठमांडू।** नेपाल का चर्चित नागरिकता संशोधन कानून आगामी चुनाव में बड़ा मुद्दा बन सकता है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति की आपत्तियां ठुकरा कर नागरिकता संशोधन कानून फिर पारित कर दिया है। नेपाल में मौजूदा प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून पारित कर राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा था। राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने कई आपत्तियां लगाकर उक्त कानून को पुनर्विचार के लिए सरकार को वापस भेज दिया था। नेपाल सरकार ने राष्ट्रपति की आपत्तियां ठुकरा कर इसे दोबारा संसद में पारित कराने की पहल की है। नेपाल की प्रतिनिधि सभा ने इस कानून को दोबारा मंजूरी दे दी है। अब यदि संसद के ऊपरी सदन से भी उसे मूल रूप में पारित कर दिया जाता है तो राष्ट्रपति के पास इस पर हस्ताक्षर करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं रह जाएगा। नेपाल के संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति सिर्फ एक बार बिल को पुनर्विचार के लिए लौटा सकते हैं।

नेपाली प्रतिनिधि सभा में इस कानून पर हुए मतदान के दौरान उपस्थित 195 सदस्यों में से 135 ने इसका समर्थन किया और 60 ने विरोध किया। माना जा रहा है कि यह कानून नेपाल के आगामी चुनावों में बड़ा मुद्दा बन सकता है। सत्ता पक्ष को लगता है कि देश के मधेस इलाके में सत्ता पक्ष को इस कानून से लाभ मिलेगा। हालांकि विपक्षी पार्टियां इस कानून को पारित करने में सत्ता पक्ष द्वारा दिखाई गयी जल्दबाजी को मुद्दा बना सकती हैं। सत्ताधारी दल का कहना है कि सरकार ने नेपाली पुरुषों से विवाह करने वाली विदेशी महिलाओं की संतानों के हित में यह कदम उठाया है। अब तक चार लाख 40 हजार विदेशी महिलाओं ने नेपाली पुरुषों से शादी करने के बाद नेपाल की नागरिकता ग्रहण की है। हालांकि प्रावधान न होने के कारण उनकी संतानों को देश की नागरिकता नहीं मिल सकी है। नागरिकता कानून संशोधन से उन लाखों संतानों को नागरिकता देने का रास्ता खुलेगा।

## चीन ने भारत के सुर में मिलाया सुर, एशियाई सदी को लेकर जयशंकर के बयान का किया समर्थन

**बीजिंग:** सीमा विवाद को लेकर चीन ने भारत के विचारों पर सहमति जताई व विदेश मंत्री एस. जयशंकर के सुर में सुर मिलाया। चीन ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान से सहमति जताई कि अगर दोनों पड़ोसी देश हाथ नहीं मिलाते हैं तो ''एशियाई सदी'' संभव नहीं हो सकती है। चीन ने जोर देते हुए यह भी कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच ''मतभेदों से कहीं अधिक साझा हित हैं।' जयशंकर ने बैंकॉक में प्रतिष्ठित चुलालांगकोर्न विश्वविद्यालय में 'हिंद-प्रशांत का भारतीय दृष्टिकोण' विषय पर व्याख्यान देने के बाद प्रश्नों का उत्तर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा था कि एशियाई सदी तब होगी जब चीन और भारत साथ आएंगे।

उन्होंने कहा था कि यदि भारत और चीन साथ नहीं आ सके तो एशियाई सदी मुश्किल होगी। विदेश मंत्री ने कहा था, ''चीन ने सीमा पर जो किया है, उसके बाद इस समय (भारत-चीन) संबंध अत्यंत मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।' दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से गतिरोध बरकरार है। पैंगोंग झील क्षेत्र में पांच मई 2020 को हुई हिंसक झड़प के बाद से दोनों देशों के बीच कोर कमांडर स्तर की 16 दौर की बात हो चुकी है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता महत्वपूर्ण है। जयशंकर की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया के लिए आग्रह किये जाने पर, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यदि चीन और भारत का विकास नहीं होता है तो एक एशियाई सदी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, ''चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं, दो उभरती अर्थव्यवस्थाएं और दो बड़े पड़ोसी देश हैं।'' वांग ने कहा कि चीन और भारत के बीच मतभेदों की तुलना में कहीं अधिक समान हित हैं और दोनों पड़ोसियों के लिए यह बेहतर है कि वे एक-दूसरे के लिए खतरा पैदा करने के बजाय एक-दूसरे को मजबूत करने के प्रयास करें। यह पूछे जाने पर कि क्या चीन पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले बिंदुओं पर भारत के साथ बातचीत करेगा, वांग ने कहा, ''मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि चीन और भारत सीमा मुद्दों पर बातचीत जारी रखें। बातचीत प्रभावी ढंग से जारी है।'



जयशंकर ने चीन की आपत्ति के परोक्ष संदर्भ में कहा था कि क्वाड से पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र को फायदा होगा और चार देशों के समूह की गतिविधियों को लेकर किसी भी तरह की आपत्ति एक तरह से ''सामूहिक और सहयोगात्मक प्रयासों का एकतरफा विरोध'' है। जयशंकर के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर वांग ने भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के चार देशों के समूह को लेकर चीन की आपत्ति को दोहराया। वांग ने कहा, ''क्वाड पर चीन की स्थिति स्पष्ट है। मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि शांति, सहयोग और खुलेपन की दुनिया में, यदि कोई छोटे समूह बनाने की कोशिश करता है, तो उसका कोई समर्थन नहीं किया जाएगा।'

## संयुक्त राष्ट्र में तालिबान को मिला सिर्फ चीन व रूस का समर्थन

**न्यूयॉर्क/काबुल।** अफगानिस्तान की सत्ता संभालने के बावजूद तालिबान को अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने में मुश्किलें सामने आ रही हैं। तालिबान के 13 अधिकारियों के यात्रा प्रतिबंध संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव पर तालिबान को सिर्फ रूस और चीन का ही समर्थन मिला। इस कारण उन अधिकारियों को विभिन्न देशों में यात्रा की छूट फिलहाल नहीं मिल सकी है। अफगानिस्तान में सत्ता संभालने वाले तालिबान के 13 अधिकारियों को यात्रा के लिए दी गयी छूट 19 अगस्त को समाप्त हो गयी। चीन और रूस इसे बढ़ाना चाहते थे किन्तु अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इस पर सहमत नहीं थे।